रोहतक
बुधवार 14 जनवरी 2026
माघ मास कृष्ण पक्ष, एकादशी वर्ष : 29, अंक : 346
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00
मौसम
अधि. 22.8
न्यून. 1.4

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

मकर संक्रांति की मंगलकामनाएं




## गुरुग्राम में रची साजिश, ठेकेदार मौसेरे भाई की हत्या

# यूट्यूब से सीखा कैसे मारें, पुलिस से कैसे बचें व पिस्टल कैसे चलाएं

**आरोपी ने रेकी के लिए 10 लाख में बदमाश को भी हायर किया**

**वारदात में दोस्त भी शामिल, खून से लथपथ शव सड़क पर मिला**

**एक आरोपित रोहतक के दहकोरा गांव और दूसरा यूपी के बागपत का रहने वाला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

गुरुग्राम में मंगलवार को एक दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक मौसेरे भाई ने यूट्यूब से मर्डर का तरीका देखकर कैंटीन ठेकेदार भाई संजय शर्मा की हत्या कर दी। आरोपी ने संजय की रेकी के लिए 10 लाख रुपये में एक बदमाश भी हायर किया था। इस वारदात में उसका एक दोस्त भी शामिल रहा। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने वारदात से पहले यूट्यूब से हत्या के तरीकों की वीडियो देखी। उसने यूट्यूब पर, किसी को कैसे मारें कि वह बचे नहीं, हत्या के बाद पुलिस से कैसे बचें, पिस्टल कैसे चलाएं, आदि वीडियो सर्च किए। इसके बाद संजय की हत्या का प्लान बनाया और वारदात को अंजाम दिया। आरोपित गुरुदत्त शर्मा उर्फ बालेश्वर शर्मा ने दोस्त अनिल के साथ मिलकर संजय के सिर में पिस्टल सटा कर गोली मारी थी। पहले पुलिस इसे एक्सीडेंट केस बता रही थी, लेकिन परिजनों के दबाव पर अब पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों को रिमांड पर लिया है।

- ***यूट्यूब पर वीडियो देखकर सर्च किए कीवर्ड, इसके बाद सिर में मारी गोली***
- ***पुलिस ने पहले एक्सीडेंट का मामला दर्ज किया, बाद में हत्या में बदला***
- ***भाई सुबह कैंटीन के लिए घर से निकला तो कुछ ही दूरी पर कर दिया हमला***
- ***आरोपित भाई गुरदत देहरादून और दूसरा आरोपी अनिल मुजफ्फरनगर से काबू***



### पुलिस का दावा

पुलिस के मुताबिक, गुरुदत्त ने दोस्त अनिल और एक बस ड्राइवर के साथ मिलकर संजय की रेकी करवाई और प्लानिंग के अनुसार रामा पार्क, सेक्टर-37 डी के पास संजय की गाड़ी को टक्कर मार कर रुकवा दिया। जब संजय शर्मा गाड़ी से नीचे उतरे तो गुरुदत्त ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी।

### यह किया खुलासा

आरोपी गुरुदत्त ने पुलिस पूछताछ में यह खुलासा किया कि वारदात को अंजाम देने की काफी टाइम से प्लॉनिंग कर रहे थे। हत्या की वारदात को अंजाम देने और रेकी के लिए आरोपी अनिल को 10 लाख रुपये दिए थे। अनिल उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में प्राइवेट बस चलाता है।

**पहले बताया हादसा, अब खुला राज** : गुरुग्राम के पास 6 जनवरी को संजय शर्मा की गोली मारकर हत्या की गई थी। मृतक के भाई पंकज ने बताया गया कि सूचना मिली कि संजय एक्सीडेंट हो गया है। मौके पर गए तो पता चला कि यह मर्डर है।

### ऐसे पकड़े गए आरोपी

गुरुग्राम पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि आरोपियों की पहचान गुरुदत्त शर्मा उर्फ बालेश्वर शर्मा (56) निवासी गांव दहकोरा, जिला रोहतक और अनिल (48) निवासी गांव कंडेरा, बागपत (यूपी) के रूप में हुई। पुलिस ने मुख्य आरोपी मौसेरे भाई गुरुदत्त शर्मा को देहरादून से गिरफ्तार किया है, जबकि दूसरे आरोपी अनिल को यूपी के मुजफ्फरनगर से पकड़ा।

### साथ में करते थे बिजनेस

पुलिस के अनुसार, आरोपी गुरुदत्त देहरादून में कैफे चलाता है। संजय के साथ 15 साल पहले गुरुदत्त बजरी क्रशर करने का बिजनेस करता था। मनमुटाव के चलते बिजनेस बंद हो गया। इसी रंजिश के चलते दोनों के बीच कई बार विवाद हुआ। संजय कैंटीन जाने के लिए कार से निकला था। सुबह साढ़े 7 बजे उसका शव खून से लथपथ सड़क पर मिला। घर से कैंटीन 8 किमी दूर है।

*ब्लिंकिट ने अपनी टैग लाइन हटाई*

# अब 10 मिनट में डिलीवरी नहीं

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

इटर्नल के स्वामित्व वाली इकाई ब्लिंकिट ने डिलीवरी कर्मियों के कल्याण से जुड़ी बढ़ती चिंताओं के बीच सभी मंच से अपना '10 मिनट में' डिलीवरी का दावा हटा लिया है। कंपनी ने अपनी टैग-लाइन को '10 मिनट में 10,000 से अधिक उत्पाद पहुंचेंगे' से बदलकर अब '30,000 से अधिक उत्पाद आपके दरवाजे पर पहुंचेंगे' कर दिया है। स्विगी और जेप्टो जैसे अन्य 'क्विक कॉमर्स' मंच भी इस कदम का अनुसरण कर सकते हैं। यह बदलाव केंद्रीय श्रम मंत्रालय के हस्तक्षेप के बाद देखा जा रहा है, जो इतनी कठिन समय सीमा को पूरा करने की कोशिश करने वाले डिलीवरी कर्मियों के कल्याण को लेकर चिंतित था। श्रम मंत्रालय ने क्विक कॉमर्स मंचों के साथ चर्चा की, ताकि गिग कर्मियों के लिए बेहतर सुरक्षा और कामकाजी परिस्थितियां सुनिश्चित की जा सकें।



**स्विगी और जेप्टो भी कर सकते हैं अनुसरण हड़ताल और सरकार के दखल के बाद फैसला**

### दबाव नहीं डालता सीईओ गोयल

हाल में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इटर्नल ग्रुप के सीईओ दीपिंदर गोयल ने लिखा था कि 10 मिनट में डिलीवरी का वादा सामान पहुंचाने वालों पर दबाव नहीं डालता है और न असुरक्षित ड्राइविंग का कारण बनता है, क्योंकि उन्हें ऐप पर 10 में मिनट का टाइमर नहीं दिखाया जाता है। उन्होंने यह भी कहा था कि 10 मिनट में या उससे तेज डिलीवरी मुख्य रूप से स्टोर ग्राहकों के करीब होने के कारण होती है, न कि सड़क पर तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने के कारण।

## आतंकवादी के संदेह में 5 सरकारी कर्मचारी बर्खास्त

**श्रीनगर (भाषा)।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आतंकवाद से संबंध के संदेह में मंगलवार को पांच सरकारी कर्मियों की सेवाएं समाप्त कर दीं। बर्खास्त कर्मियों में शिक्षक मोहम्मद इशफाक, प्रयोगशाला तकनीशियन तारिक अहमद शाह, सहायक लाइनमैन बशीर अहमद मीर, वन विभाग में वन क्षेत्र कर्मी फारूक अहमद भट और स्वास्थ्य विभाग में चालक मोहम्मद यूसुफ शामिल हैं। उपराज्यपाल के प्रशासन ने अब तक ऐसे 85 सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त किया है।

**जम्मू कश्मीर में एलजी मनोज सिन्हा का बड़ा एक्शन**

## 8 आतंकी कैंप अभी भी एक्टिव : सेना प्रमुख

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सेना ने मंगलवार को पाकिस्तान को एक बार फिर सख्त चेतावनी दी है। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा है कि सीमापार अब भी 8 आतंकी कैंप सक्रिय हैं, जिन पर सेना की कड़ी नजर है। सेना प्रमुख ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर हालात स्थिर हैं, लेकिन इस पर लगातार नजर रखने की ज़रूरत है। पाक दोबारा किसी तरह की हरकत हुई, तो भारत अपने इरादों को अंजाम देने से पीछे नहीं हटेगा।

**पाकिस्तान को सेना प्रमुख द्विवेदी की कड़ी चेतावनी**

## यूएस ने 2025 में रद्द किए एक लाख वीजा

**न्यूयॉर्क (भाषा )।** अमेरिका में आपराधिक गतिविधि का हवाला देकर आप्रवासियों के खिलाफ की गई व्यापक कार्रवाई के तहत 2025 में 8,000 छात्र वीजा समेत एक लाख से अधिक वीजा रद्द कर दिए गए। विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका को सुरक्षित बनाने के लिए हम इन ठगों को प्रत्यर्पित करते रहेंगे। अमेरिका इन पर आपराधिक गतिविधियों के लिए कानून की धज्जियां उड़ाने के आरोप लगाए हैं। 2024 में 40 हजार वीजा रद्द किए गए थे।




**एसआईआर पर सुनवाई**

## यह सिर्फ नागरिकता वेरिफाई के लिए : ईसी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को चुनाव आयोग के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई हुई। चुनाव आयोग की ओर से वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने कहा कि एसआईआर के तहत आयोग सिर्फ यह तय करता है कि कोई व्यक्ति वोटर लिस्ट में रहने के योग्य है या नहीं। इससे सिर्फ नागरिकता वेरिफाई की जाती है। उन्होंने साफ किया कि एसआईआर से किसी का डिपोर्टेशन (देश से बाहर निकालना) नहीं होता, देश से बाहर निकालने का अधिकार केवल केंद्र सरकार के पास है।

**सरकार ने दिए निर्देश**

## हरिजन व गिरिजन जैसे शब्द प्रयोग नहीं करें

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश सरकार ने मंगलवार को सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों के संदर्भ में सरकारी पत्राचार तथा अन्य आधिकारिक कार्यों में हरिजन और गिरिजन जैसे शब्दों का प्रयोग न करने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि भारत के संविधान में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए इन शब्दों का प्रयोग नहीं किया गया है तथा सभी आधिकारिक कार्यों में केवल संविधान में वर्णित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति शब्दावली का ही उपयोग किया जाना चाहिए।



## कुरुक्षेत्र में कांग्रेस का 'संगठन सृजन' शिविर शुरू

# पार्टी में अनुशासन और भविष्य की योजनाओं का पढ़ाया पाठ

**हरियाणा और उत्तराखंड के 60 जिलाध्यक्ष ले रहे भाग, कैंप 22 जनवरी तक चलेगा**

**राहुल गांधी व राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जिला अध्यक्षों को संबोधित करेंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कांग्रेस का दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर मंगलवार से पंजाबी धर्मशाला में शुरू हो गया। शिविर में उत्तराखंड व हरियाणा के 60 जिलाध्यक्ष भाग ले रहे हैं। शिविर में पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने व संगठन मजबूती पर फोकस रहेगा। शिविर 13 जनवरी से लेकर 22 जनवरी तक चलेगा। शिविर में कांग्रेस के प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी व राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी आएंगे और जिलाध्यक्षों को संबोधित करेंगे। हालांकि वे किस दिन आएंगे इसके लिए अभी शेड्यूल फाइनल नहीं हुआ है। पंजाबी धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने बताया कि कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर पंजाबी धर्मशाला में प्रदेश के नवनियुक्त जिला कांग्रेस के अध्यक्षों का दस दिवसीय ट्रेनिंग कैंप शुरू किया गया है। इस कैंप में कांग्रेस पार्टी के इतिहास, पार्टी की नीतियों व कांग्रेस के समय में जो भी कार्य हुए है उसके बारे में जिलाध्यक्षों को अवगत करवाया जाएगा।



कुरुक्षेत्र। कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर में पहुंची सांसद कुमारी सैलजा का स्वागत करते पार्टी के कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि



### 19-20 को राहुल गांधी के आने की संभावना

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 19 या 20 जनवरी को कुरुक्षेत्र पहुंचने की संभावना है। हालांकि, उनके कार्यक्रम पर अभी अंतिम मुहर नहीं लगी है। इसी क्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का शेड्यूल भी राहुल गांधी के साथ जारी होने की उम्मीद है।

### कानून व्यवस्था सरकार की विफलता का प्रमाण: सैलजा

चंडीगढ़। सांसद, कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री सैलजा ने कहा है कि हरियाणा में लगातार बढ़ रही चेन स्नैचिंग, चोरी, बैंक डकैती और गुंडागर्दी की घटनाएं प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं। हिसार में बैंक में हुई बड़ी सेंधमारी हो या प्रदेश के अन्य हिस्सों में बढ़ते अपराध यह साफ दर्शाता है कि भाजपा सरकार आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पूरी तरह विफल रही है। प्रदेश में भय का माहौल है और अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

## हाईकोर्ट ने भतीजे की हत्या में उम्रकैद की सजा से किया बरी

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने रोहतक निवासी एक व्यक्ति को बड़ी राहत देते हुए दिसंबर 2014 में अपने भतीजे की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा से बरी कर दिया। अदालत ने स्पष्ट कहा कि अभियोजन का पूरा मामला केवल परिस्थितिजन्य साक्ष्यों पर आधारित था और परिस्थितियों की कड़ी पूरी नहीं बनती। जस्टिस लिजा गिल और जस्टिस मीनाक्षी आई मेहता की खंडपीठ ने 2015 में ट्रायल कोर्ट द्वारा सुनाई गई सजा को रद्द करते हुए सूरजमल को संदेह का लाभ दिया। ट्रायल कोर्ट ने सूरजमल को हत्या, और आर्म्स एक्ट के तहत दोषी ठहराया था।

- **साक्ष्यों की कड़ी अधूरी, आरोपी को संदेह का लाभ**

## सेवानिवृत्त डीजीपी की नियुक्ति पर जवाब देने के लिए सरकार को अंतिम अवसर

चंडीगढ़। राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण (स्टेट पुलिस कंप्लेंट्स अथारिटी) के अध्यक्ष पद पर सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति के खिलाफ एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने हरियाणा सरकार को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल नहीं किया गया तो राज्य सरकार का जवाब देने का अधिकार समाप्त माना जाएगा। चीफ जस्टिस शील नागू और जस्टिस नीरजा कुलवंत कलसन की खंडपीठ ने कहा कि 29 अगस्त 2025 को नोटिस जारी होने के बावजूद हरियाणा सरकार अब तक जवाब दाखिल नहीं कर पाई है।

- **हाई कोर्ट जनहित याचिका पर कर रहा था सुनवाई**

## सीएम ने कश्मीर से आए छात्र प्रतिनिधिमंडल से संवाद किया

पंचकूला। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुख्यमंत्री निवास संत कबीर कुटीर में कश्मीर से आए छात्र प्रतिनिधिमंडल से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने सभी कश्मीरी छात्र-छात्राओं का आत्मीय स्वागत करते हुए कहा कि उनका स्वयं का भी कश्मीर से गहरा नाता रहा है तथा उन्होंने दक्षिण कश्मीर में सालो समय बिताया है। सीएम ने कहा कि कश्मीर जितना सुंदर है, वहां के लोगों का मन भी उतना ही सुंदर और संस्कारवान हैं। हरियाणा के विकास की चर्चा करते हुए बताया कि आज प्रदेश में बड़े-बड़े उद्योग स्थापित हुए हैं।

## प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों की सीटीओ रद्द करने के निर्देश

चंडीगढ़। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसीबी) के सदस्य सचिव योगेश कुमार की अध्यक्षता में फरीदाबाद, पलवल और नूंह जिलों के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई, फ़रीदाबाद में आयोजित हुई इस बैठक में पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में फरीदाबाद महानगर एफएमडीए निगम फरीदाबाद नूंह एवं पलवल की नगर परिषदें, सिंचाई विभाग सहित प्रमुख विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक उर्फ हरफूल, पुत्र: हवा सिंह, पता: गांव मांडोठी, तहसील बहादुरगढ़, हरियाणा** ने **FIR No. 131/2024, U/s 209 भारतीय न्याय संहिता–2023, पुलिस थाना जाफरपुर कलां, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **दीपक उर्फ हरफूल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **दीपक उर्फ हरफूल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 131/2024, U/s 209 भारतीय न्याय संहिता–2023, पुलिस थाना जाफरपुर कलां, नई दिल्ली** के अभियुक्त **दीपक उर्फ हरफूल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.02.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार – श्री अभिनव अहलावत**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी**
**दक्षिण पश्चिम जिला, कमरा नं. 314**
**द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/499/DW/2026**



### कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

DD.NO.30 दिनांक 12.01.2026 धारा 194 बी.एन.एस.एस थाना सदर गोहाना जिला सोनीपत।

**मृतक की पहचान**
नाम- नामालुम।
पिता का नाम - नामालुम।
पता - नामालुम।
उम्र - 30 - 35 वर्ष।
कद - 5 फुट 2 इन्च।
हुलिया :- रंग सांवला, पतला शरीर, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, आंखे खुली हुई, गाल पिचके हुए, मुँह से लार निकली हुई हैं।
**पहनावा** - पहनावा शरीर नग्न अवस्था में मिला जिसने कमर पर सिर्फ लाल रंग की तागड़ी पहनी हुए हैं।



सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 12.01.2026 को एक नाम पता नामालुम व्यक्ति की नाश नग्न अवस्था में गाँव खानपुर कलां के रभजाया न0 9 में मिली हैं। नाश का पोस्टमार्टम करवाकर शिनाख्त हेतू भगत फूल सिंह खानपुर कलां सोनीपत की मोर्चरी में 72 घटें के लिए रखवाया गया है। अगर मृतक के बारे में कोई सुचना प्राप्त हो या किसी थाना के क्षेत्र में कोई गुमशुदगी है या शिनाख्त होती है तो निम्न नम्बरों पर सुचित करे।

**प्रबन्धक थाना मो० न0-7419410545**
**अनुसंधानकर्ता मो० न0 - 7988554972**
**पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903**

**अपराध अभिलेख अधिकारी,**
**कृते पुलिस उपायुक्त।**
**मुख्यालय, सोनीपत।**

पीआरडीएच-1084/11/4345/2026/41998/88/6 दि. 13.01.26


## आप नेता अनुराग ढांडा ने सरकार पर बोला हमला

# बैंक डकैती और बुजुर्ग दंपति की हत्या, प्रदेश में अपराध बेलगाम

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने बयान में कहा कि करनाल और हिसार की ताजा घटनाएं हरियाणा में ध्वस्त हो चुकी कानून-व्यवस्था की भयावह तस्वीर पेश करती हैं। हिसार के नंगथला तहाला गांव में बैंक की पीछे की दीवार तोड़कर 28 लाख रुपये की डकैती और असंध में बुजुर्ग दंपती की निर्मम हत्या यह साबित करती है कि अपराधी बेखौफ हैं और आम नागरिक पूरी तरह असुरक्षित है।

अनुराग ढांडा ने कहा कि ये दोनों घटनाएं अलग-अलग नहीं हैं, बल्कि 11 साल से ज्यादा समय से चल रहे भारतीय जनता पार्टी के शासन की नाकामी का परिणाम हैं। एक तरफ पेशेवर अंदाज में बैंक में सेंध लगाकर लाखों रुपये उड़ाए जा रहे हैं, दूसरी तरफ घर के अंदर बुजुर्ग पति-पत्नी को बांधकर मौत के घाट उतार दिया जाता है और सरकार तमाशबीन बनी हुई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शेर-ओ-शायरी और सोशल मीडिया प्रचार में व्यस्त हैं, जबकि हरियाणा में गैंगस्टर, चोर और हत्यारे खुलेआम वारदातें कर रहे हैं। व्यापारी एक्सटॉर्शन के डर से सहमे हुए हैं, महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। मुख्यमंत्री की तथाकथित 'जीरो टॉलरेंस' नीति केवल भाषणों और पोस्टरों तक सीमित रह गई है।



**जीरो टॉलरेंस नीति केवल भाषणों और पोस्टरों तक सीमित रह गई**

## जेजेपी के 50 युवा हलका अध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष घोषित

चंडीगढ़। जननायक जनता पार्टी ने अपने संगठन में विस्तार करते हुए कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां की है। जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा, राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेंद्र लितानी, युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने विचार-विमर्श करके 50 युवा हलका अध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्तियों की सूची जारी की। दिग्विजय चौटाला ने बताया कि जेजेपी युवा प्रकोष्ठ में नारायणगढ़ हलके में मोहित बड़ौली, अंबाला सिटी में सिमरन अंतिल, अंबाला कैंट में दलजीत बाच्छल और मुलाना में कुलदीप माजरा को युवा हलका बनाया गया हैं।

## सीएम ने मनाया लोहड़ी, प्रदेशवासियों को दीं शुभकामनाएं

# लोहड़ी एकता को सुदृढ़ और समाज को जड़ों से जोड़ती है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को धर्मपत्नी श्रीमती सुमन सैनी के साथ चंडीगढ़ स्थित अपने आवास संत कबीर कुटीर में लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया। इस दौरान उन्होंने लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं। लोहड़ी समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह त्यौहार भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और प्राचीन परंपराओं का प्रतीक है। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल कौशिक भी उपस्थित रहे।



चंडीगढ़। सीएम नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ स्थित अपने आवास संत कबीर कुटीर में लोहड़ी का पर्व मनाते हुए। फोटो : हरिभूमि

समारोह के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पूजा अर्चना कर लोहड़ी की अग्नि प्रज्वलित की और साथ ही हरियाणा वासियों के सुख और समृद्धि की कामना भी की।


### THE HARYANA CO-OPERATIVE SUGAR MILL LTD., BHALI ANANDPUR, ROHTAK

Email:rtk.sugar@gmail.com,
website: www.rohtaksugars.com
Contact No. 01258-250641, 250800

LiFE Lifestyle for Environment

**ई-निविदा सूचना**

हरियाणा सहकारी चीनी मिल्स लि०, भाली आनन्दपुर, रोहतक हेतू मूल निर्माताओं/अधिकृत वितरकों एवं पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं:-

**आईटमस का विवरण:-**

1. मिल में लेखा विभाग के विभिन्न कार्यों के लिए आउटसोर्स आधार पर चार्टड अकाउंटेंट हायर करने बारे।
2. कॉन्टीन्यूअस सैन्ट्रीफुगल M/C की खरीद।
3. ग्रेडर गीयर बॉक्स की मरम्मत का कार्य ठेके पर करवाना।
4. Hinge man कम्पनी द्वारा निर्मित governing cum synchronizing CGC-ET सिस्टम की खरीद।
5. 320 केवीए डी.जी. सैट के लिए एल.टी. पैनल की खरीद।
6. एल.टी. केबल की खरीद।
7. आर.ओ. प्लांट की प्रैशर ट्यूब की खरीद।
8. एच.टी. ब्रेकर 2000A के लिए Cradle की खरीद।
9. पेराई सत्र 2025-26 के लिए 2,50,000 प्लास्टिक चीनी बैग्स (लाइनर सहित) की खरीद।
10. सीजन 2025-26 के दौरान जूट बैग के एलडीपीई लाइनर की खरीद।

निविदा दस्तावेज विवरण, मात्रा, विनिर्देशन तथा अन्य नियम व शर्तों के साथ पोर्टल तक etenders.hry.nic.in पर उपलब्ध है। सभी निविदाएं दिनांक 19.01.2026 को प्रातः 9:00 बजे ऑनलाइन ई-निविदा पोर्टल etenders.hry.nic.in पर जमा की जाएंगी एवम् तकनीकी व वित्तिय निविदाएं दिनांक 19.01.2026 को प्रातः 10:00 बजे खोली जाएंगी। निविदादाता सभी मदों के लिए अपनी दरे न्यूनतम आधार पर देवें।

उक्त बारे यदि आवश्यक हुआ तो नैगोसिएशन दिनांक 20.01.2026 को प्रातः 11:00 बजे मिल कार्यालय में की जाएगी। उपरोक्त सम्बन्धित और अधिक जानकारी के लिए निविदादाता मोबाइल नं0- 9034698711 या 7027481000 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

हस्ता/-मुख्य लेखा अधिकारी
कृतेः प्रबन्ध निदेशक

संवाद - 1039/11/119/2026/42004/C/88/6 दि. 13.01.26


## माघ मेला के लिए पलवल से प्रयागराज तक बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

चंडीगढ़। हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने श्रद्धालुओं की मांग को पूरा करते हुए मंगलवार को उत्तर प्रदेश प्रयागराज में 15 फरवरी महाशिवरात्रि के पावन पर्व तक आयोजित किए जा रहे माघ मेला के लिए पलवल से प्रयागराज तक स्पेशल बस को पलवल बस स्टैंड से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।


### उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये **ई–निविदा प्रणाली द्वारा खुली निविदा** आमंत्रित की जाती हैं.

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम एवं स्थान | उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण/अम्बाला छावनी के अधीन अम्बाला छावनी ओर बठिंडा में स्टाफ क्वार्टरों, कार्यालयों एवं विश्राम गृहों की मरम्मत और रखरखाव हेतु। |
| 2 | अनुमानित/निदेशात्मक परियोजना लागत | रूपये 162.38 लाख |
| 3 | कार्य निष्पादन की अवधि | 12 (बारह) माह |
| 4 | जमा की जाने वाली जमानती राशि | रूपये 2,31,200.00 |
| 5 | ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय | निविदा दस्तावेज 11:30 बजे दिनांक 15.01.2026 से 05.02.2026 तक आईआरईपीएस की वेबसाईट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। |
| 6 | निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि/समय | 05.02.2026 को 11:30 बजे तक, निविदाकर्त्ता द्वारा 21.01.2026 से 05.02.2026 तक आईआरईपीएस की वेबसाईट अर्थात www.ireps.gov.in पर निविदा दस्तावेज अपलोड की जा सकती है। |
| 7 | ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 11:30 बजे दिनांक 05.02.2026 को खोली जाएगी। उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी विस्तृत सूचना देखी जा सकती है। |

टेन्डर नोटिस सं0:– 125–डब्लयू/उप.मु.अभि./नि./अ.छा./2025–26, दिनांक :– 12.01.2026 122/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## पलवल में युवा कांग्रेस की बैठक, संगठन विस्तार और मनरेगा बचाओ पर मंथन

चंडीगढ़। युवा कांग्रेस की ओर से मंगलवार को पलवल में युवा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने, युवाओं से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देने तथा सरकार की नीतियों के खिलाफ आंदोलन तेज करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। खासतौर पर मनरेगा बचाओ अभियान को पूरी ताकत के साथ चलाने, ग्रामीण मजदूरों और बेरोजगार युवाओं के रोजगार अधिकारों की रक्षा करने पर जोर दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष निशित कटारिया ने कहा कि संगठन का लक्ष्य हर जिले, ब्लॉक और गांव तक युवाओं की आवाज को पहुंचाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे युवाओं और मजदूरों के बीच जाकर सरकार की नीतियों के दुष्परिणामों के बारे में जागरूकता फैलाएं। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और नए युवाओं को आंदोलन से जोड़ने की रणनीति भी तय की गई।

**निशित का ऐलान-युवाओं के हक के लिए सड़क से सदन तक लड़ेगी युवा कांग्रेस**


### उद्यान विभाग, हरियाणा

पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर)-124105
ई-मेल: coemunimpur@gmail.com

**पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सूचना बारे**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर निम्न प्रकार से पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम करवाया जाना है:

| क्र. सं. | दिनांक | प्रशिक्षण की अवधि (दिनों में) | प्रशिक्षण का विषय | प्रशिक्षणार्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 19.01.2026 से 23.01.2026 | 5 | उन्नत तकनीकों द्वारा फूलों की खेती पर प्रशिक्षण | 10 |

पाँच दिवसीय प्रशिक्षण हेतु इच्छुक किसान अपना ऑनलाईन नामांकन बागवानी विभाग, हरियाणा की वेब साईट http:kaushal.hortharyana.cov.in पर करें। जो दस किसान सबसे पहले ऑनलाईन नामांकन के माध्यम से अपना नाम दर्ज करवाएंगे, उन्हें ही प्रशिक्षण में प्राथमिकता दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक किसान डॉ. हेमन्त सैनी, विषय वस्तु विशेषज्ञ (Mob No-8683801977) से सम्पर्क करें।

**प्रशिक्षण हेतु ऑनलाईन नामांकन की प्रक्रिया निम्न प्रकार से है:-**

1. प्रार्थी अपना ऑनलाईन आवेदन http:kaushal.hortharyana.gov.in पोर्टल पर दिनांक 16.01.2026 शाम 03:00 बजे तक कर सकता है।
2. प्रार्थी हरियाणा राज्य का स्थायी निवासी होना चाहिए।
3. आवेदनकर्ता अपने जरूरी कागजात जैसे कि आधार कार्ड व परिवार पहचान पत्र की फोटो प्रति प्रशिक्षण के दौरान अपने साथ लेकर आये।
4. चयनित किसानों के नाम बागवानी विभाग की वेबसाईट http:kaushal.hortharyana.gov.in पर दिनांक 16.01.2026 को शाम 03:30 बजे तक अपलोड कर दिये जाएंगे।
5. प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतू प्रार्थी की न्युनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 60 वर्ष होनी चाहिए।
6. प्रशिक्षण हेतू आवेदन एक परिवार पहचान पत्र (PPP) से एक सदस्य ही कर सकता है।
7. किसानों के भोजन की व्यवस्था निम्नहस्ताक्षरी कार्यालय के द्वारा की जायेगी।
8. प्रशिक्षण केन्द्र पर रात्रि ठहराव की व्यवस्था नहीं होगी।

हस्ता/-परियोजना अधिकारी कम विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर, झज्जर।

पीआरडीएच-1149/11/1023/2026/41999/88/6 दि. 13.01.26



### सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर फ्लावर कल्टीवेशन एंड सीड प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी, मुनीमपुर, झज्जर में एजेंसी के माध्यम से एक कंसल्टेंट/एक्सपर्ट को हायर करने के लिए सीलबंद कोटेशन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

*फ्लोरीकल्चर और लैंडस्केपिंग कंसल्टेंसी सेवाओं में रुचि की अभिव्यक्ति*

हम फ्लोरीकल्चर और लैंडस्केपिंग में सलाह और कंसल्टेंसी सेवाएं प्रदान करने के लिए हायर करने में रुचि रखते हैं, जिसमें सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर फ्लावर कल्टीवेशन एंड सीड प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी, मुनीमपुर झज्जर (हरियाणा) में फूलों की फसलों के बीज उत्पादन, कटे हुए फूलों की संरक्षित खेती, सजावटी लैंडस्केपिंग के विकास और रखरखाव में आपकी विशेषज्ञता का लाभ उठाया जाएगा।

*आवश्यक विशेषज्ञता:*

- फूलों की फसलों का बीज उत्पादन।
- कटे हुए फूलों की संरक्षित खेती।
- फूलों की फसलों और सजावटी पौधों का नर्सरी प्रबंधन।
- भारत और विदेश में समान क्षेत्र में मार्केटिंग लिंकेज।
- वैल्यू एडेड फूलों के उत्पाद।
- फूलों के कचरे का प्रबंधन।

*नियम और शर्तें:*

- संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम 2 साल की कंसल्टेंसी विशेषज्ञता, दस्तावेजी प्रमाण द्वारा समर्थित।
- सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में किसानों, अधिकारियों और अन्य हितधारकों को कंसल्टेंसी सेवाएं प्रदान करने का सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड।
- परामर्श अवधि एक्सपर्ट के नियुक्ति पत्र की तारीख से 1 वर्ष के लिए होगी। यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा आवश्यक हो तो परामर्श अवधि बढ़ाई जा सकती है।
- यदि कंसल्टेंसी सेवाएं असंतोषजनक पाई जाती हैं तो बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकती हैं।

*आवश्यक कंसल्टेंसी सेवाएं:*

- साइट पर, ऑन-साइट और ऑफ-साइट ऑनलाइन और ऑफलाइन कंसल्टेंसी सेवाएं।
- आवश्यकतानुसार सेंटर ऑफ एक्सीलेंस झज्जर में किसानों, अधिकारियों और अन्य हितधारकों को व्याख्यान देना।
- केंद्र के न्यूनतम चार दौरे और ऑनलाइन तकनीकी सलाह की आवश्यकता होगी।
- एक्सपर्ट के पास फ्लोरीकल्चर और लैंडस्केपिंग में न्यूनतम 10 साल के अनुभव के साथ न्यूनतम पीएच.डी. डिग्री होनी चाहिए।
- बाहर जाने की स्थिति में विभाग के नियमों के अनुसार टीए/डीए देय होगा।
- कृपया इस कोटेशन जारी होने के 10 दिनों के भीतर कंपनी प्रोफाइल और जीएसटी और अन्य सभी करों सहित प्रति माह दरों का अन्य कोटेशन साझा करें।

*नोट:*

ए) सीलबंद कोटेशन 22-01-2026 तारीख से पहले दोपहर 1:00 बजे तक कार्यालय एसएमएस सीओई मुनीमपुर झज्जर में भौतिक रूप से जमा किया जाना चाहिए।
बी) अधिक जानकारी के लिए 9671627548, 8683801977 पर संपर्क करें।

हस्ता/- प्रोजेक्ट ऑफिसर सह विषय विशेषज्ञ
सीओई, मुनीमपुर, झज्जर

पीआरडीएच-1149/11/1022/2026/41992/88/6 दि. 13.01.26



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमरजीत पुत्र राजबीर सिंह निवासी म. नं. 102, टाईप 1 क्वार्टर, दिल्ली प्रशासनिक फ्लैटस, गुलाबी दिल्ली, दिल्ली–110007, वीपीओ बहलगढ़, सोनीपत, हरियाणा** ने केस **एफआईआर नं. 1989/2019 अन्तर्गत धारा 138 एनआई एक्ट थाना प्रशांत विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमरजीत** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमरजीत** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 1989/2019 अन्तर्गत धारा 138 एनआई एक्ट थाना प्रशांत विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अमरजीत** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.03.2026** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**रोहित कुमार**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–04
उत्तर, कोर्ट नं. 110
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

**DP/238/RD/2026**
**(Court Matter)**


## बागवानी विभाग से संबंधित बजट पूर्व परामर्श मंथन

चंडीगढ़। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि राज्य सरकार ने बागवानी, मधुमक्खी पालन और टिकाऊ कृषि के क्षेत्र में नई मिसाल कायम की है। हरियाणा मधुमक्खी पालन नीति को अपनाने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। इस नीति के प्रभावी क्रियान्वयन से राज्य में शहद उत्पादन को बढ़ावा मिला है।


### सांकेतिक कब्जा सूचना

**ICICI Home Finance** पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051
**कार्पोरेट कार्यालय** : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
**शाखा कार्यालय** : आईसीआईसीआई शाखा, तृतीय तल, एससीओ 339, सेक्टर-29, गुड़गांव, हरियाणा-122001

चूंकि

अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।

चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित तिथियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शिव कुमार (कर्जदार), सुमेर चंद (सह-कर्जदार) LHBWD00001287862. | मुस्तिल 46, 8 कनाल 1 मरला का 5/161 किल्ला नं. 24/02 गांव राम सिंह पुरा रेवाड़ी, रेवाड़ी, हरियाणा-123102 / कब्जे की तिथि : 08.01.2026 | 12-12-2022 रु. 31,35,213/- | अलवर |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।

**दिनांक : 14 जनवरी 2026**
**स्थान : रेवाड़ी**

प्राधिकृत अधिकारी,
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

रोहतक, बुधवार 14 जनवरी 2026

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मकर संक्रांति की मंगलकामनाएं



## खबर संक्षेप

### मोदी होंगे प्रस्तावक, 19 को नामांकन भरेंगे नबीन



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन 19 जनवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस कार्यक्रम की सबसे खास बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं उनके प्रस्तावक के रूप में मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति नबीन के नेतृत्व पर शीर्ष नेतृत्व के अटूट विश्वास को दर्शाती है। यह पार्टी की वैचारिक निरंतरता और स्थिरता का भी संकेत है।

### पुणे से बेंगलुरु जा रही उड़ान में आई खराबी

**मुंबई।** पुणे से बेंगलुरु जा रही अकासा एयर की उड़ान के यात्रियों को मंगलवार को आखिरी क्षण में बोइंग 737 मैक्स विमान में तकनीकी समस्या का पता चलने पर लगभग डेढ़ घंटे तक विमान में बैठे रहने के बाद उतार दिया गया। एक यात्री ने कहा कि यात्री करीब डेढ़ घंटे तक विमान में सवार रहे और फिर उन्हें उतार दिया गया। यात्री ने कहा कि विमान पुणे से सुबह 8:50 बजे उड़ान भरने वाला था और उसमें सवार होने की प्रक्रिया लगभग 8:10 बजे शुरू हुई थी। पुणे से बेंगलुरु जाने वाली अकासा एयर की उड़ान क्यूपी1312 को पुणे हवाई अड्डे पर रोके रखा ।

### इंडिगो की 'सेल इंटू 2026' शुरूः 1,499 में हवाई यात्रा



**नई दिल्ली।** साल 2026 में यात्रा की योजना बना रहे यात्रियों के लिए इंडिगो एयरलाइंस धमाकेदार ऑफर लेकर आई है। कंपनी ने अपनी 'सेल इंटू 2026' की घोषणा की है, जिसमें घरेलू उड़ानों का किराया मात्र 1,499 और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का 4,499 रुपए से शुरू हो रहा है। यह सेल 13 से 16 जनवरी तक बुकिंग के लिए खुली है। यात्री 20 जनवरी से 30 अप्रैल के बीच यात्रा करने के लिए टिकट बुक कर सकते हैं।

### आयुर्वेद शिक्षण संस्थानों के लिए नया पोर्टल शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय ने 'आयुर्वेद गुरुकुल संबद्धता पोर्टल' की मंगलवार को शुरुआत की, जिसके जरिए देशभर के आयुर्वेद शिक्षण संस्थान मान्यता के लिए आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय ने जानकारी दी। विश्वविद्यालय की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.श्रीनिवास वरखेड़ी एवं भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग की अध्यक्ष डॉ. मनीषा कोठेकर ने संयुक्त रूप से पोर्टल की शुरुआत की।

# एचपीएससी ने 19 से 25 जनवरी के बीच होने वाली ट्रेजरी ऑफिसर समेत सात परीक्षाएं टाली

**हजारों अभ्यर्थियों को झटका, कारण भी नहीं बताया, नई तिथि अभी तय नहीं**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) ने ट्रेजरी ऑफिसर सहित 7 भर्ती परीक्षाओं को फिलहाल स्थगित कर दिया है। ये परीक्षाएं 19 से 25 जनवरी के बीच होनी थीं। इससे यह परीक्षा देने वाले हजारों अभ्यर्थियों को बड़ा झटका लगा है। आयोग की ओर से अभी कोई नई तिथि तय नहीं की गई है। साथ ही आयोग ने स्पष्ट किया है कि परीक्षाएं रद्द नहीं हुई हैं। आयोग की ओर से जारी आधिकारिक नोटिस में बताया गया है कि कुछ अपरिहार्य कारणों के चलते इन परीक्षाओं को फिलहाल आयोजित नहीं किया जाएगा। एचपीएससी द्वारा स्थगित की गई परीक्षाओं में सबसे प्रमुख ट्रेजरी ऑफिसर (टीओ) और असिस्टेंट ट्रेजरी ऑफिसर (एटीओ) की भर्ती परीक्षा शामिल है। इसके अलावा तकनीकी और शैक्षणिक क्षेत्रों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण लेक्चरर और इंस्ट्रक्टर पदों की परीक्षाएं भी टाल दी गई हैं।

## आयोग ने स्पष्ट किया परीक्षाएं रद्द नहीं हुई

### ये परीक्षाएं टली

| | |
|---|---|
| सिविल इंजीनियरिंग लेक्चरर की | 19 जनवरी |
| कंप्यूटर इंजीनियरिंग लेक्चरर की | 19 जनवरी |
| मैकेनिकल इंजी. लेक्चरर और फोरमैन इंस्ट्रक्टर | 20 जनवरी |
| इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग व फार्मेसी लेक्चरर | 21 जनवरी |
| ट्रेजरी ऑफिसर/असिस्टेंट ट्रेजरी ऑफिसर | 25 जनवरी |

### नई तिथियों का इंतजार

परीक्षाओं केअचानक स्थगित होने से उन उम्मीदवारों में चिंता का माहौल है, जो लंबे समय से इन भर्तियों की तैयारी कर रहे थे। कई अभ्यर्थी महीनों से परीक्षा को ध्यान में रखकर पढ़ाई में जुटे हुए थे। नोटिस में कहा गया है कि संशोधित परीक्षा कार्यक्रम उचित समय पर जारी किया जाएगा।

*एचपीएससी ने उम्मीदवारों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें। नई तिथियों से संबंधित जानकारी केवल उसकी आधिकारिक वेबसाइट **hpsc.gov.in** पर ही उपलब्ध कराई जाएगी।*

**संसद में दिखेंगे एआई के नए प्रयोग**

# अब 22 भाषाओं में देख सकेंगे सदन की कार्यवाही

**नई दिल्ली।** नए साल में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला की पहल से संसद की कार्यवाही का चरित्र बदल जाएगा। बिरला के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के जरिये संसद की कार्यवाही के प्रसारण से लेकर सांसदों की सुविधा तक नए प्रयोगों ने बड़े परिवर्तन की नींव रख दी है। मसलन अगले साल संसद की कार्यवाही का प्रसारण सभी 27 अधिसूचित भाषाओं में होगा। इस साल मानसून सत्र में 22 भाषाओं में कार्यवाही का प्रसारण होगा। एआई के माध्यम से सांसदों को सत्र में तारांकित प्रश्न लगने की जिम्मेदारी तीन दिन पहले और उसका जवाब एक दिन पूर्व ही व्हाट्सएप के माध्यम से दे दी जाएगी। इससे सांसदों को पूरक सवाल की तैयारी करने का समय मिलेगा।

### सिगरेट मामले में होगी कड़ी कार्रवाई

टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद पर सदन में ई-सिगरेट के इस्तेमाल संबंधी सवाल के जवाब में बिरला ने कहा कि जांच अपने अंतिम चरण में है। सदन की मर्यादा का उल्लंघन किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# ईरानी प्रदर्शनकारियों से ट्रंप बोले मदद रास्ते में है विरोध जारी रखो

> मैंने ईरानी अधिकारियों के साथ अपनी सभी बैठकों को रद्द कर दिया

> ईरान में भारी कत्लेआम अब तक 3000 की मौत, बॉडी बैग्स की कतारें लगी

एजेंसी ▶▶ तेहरान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को ईरानी प्रदर्शनकारियों को भरोसा दिलाया कि उनके लिए मदद रास्ते में है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर कहा कि ईरानी देशभक्तों, विरोध जारी रखिए। अपनी संस्थाओं पर नियंत्रण कर लीजिए! हत्यारों और अत्याचारियों के नाम सुरक्षित रखिए। वे इसकी भारी कीमत चुकाएंगे। मैंने ईरानी अधिकारियों के साथ अपनी सभी बैठकों को रद्द कर दिया है, जब तक कि प्रदर्शनकारियों की औचित्यहीन हत्या बंद नहीं होती। मदद रास्ते में है। उधर, ईरानी अधिकारियों के कम्युनिकेशन ब्लैकआउट के बावजूद धीरे-धीरे सामने आ रहे वीडियो व चश्मदीदों के बयान यह संकेत देते हैं कि सरकार दशक का सबसे घातक दमन अभियान चला रही है। ईरानी स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि लगभग 3,000 लोग देशभर में मारे गए हैं। अस्पताल से भयावह दृश्य बाहर आ रहा है यहां बॉडी बैग्स की कतारें लगी है।

### नारा गूंजता है तानाशाह मुर्दाबाद

चश्मदीदों ने बताया कि उन्होंने तेहरान के डाउनटाउन में इमारतों की छतों पर तैनात स्नाइपर्स को भीड़ पर गोली चलाते देखा। शांतिपूर्ण प्रदर्शन अचानक भय और खूनखराबे में बदल गए, जब गोलियां लोगों के सिर और धड़ को चीरती हुई निकलीं और लोग गिरते चले गए। सोमवार रात के एक वीडियो में तेहरान में प्रदर्शनकारियों की बड़ी भीड़ दिखती है। गोलियों की आवाजें सुनाई देती हैं और नारा गूंजता है "तानाशाह मुर्दाबाद!" पिछले पांच दिनों से ईरानी अधिकारियों ने इंटरनेट, अंतरराष्ट्रीय फोन लाइनें और कभी-कभी घरेलू मोबाइल कनेक्शन तक बंद कर दिए हैं। इससे मानवाधिकार समूहों, पत्रकारों और परिवारों को समझना मुश्किल हो रहा है कि वास्तव में क्या हुआ है। दो सप्ताह पहले जब ईरानी मुद्रा के भारी अवमूल्यन के कारण प्रदर्शन शुरू हुए तो अधिकारियों ने माना था कि लोगों की शिकायतें जायज हैं, हालांकि उन्होंने प्रदर्शनकारियों को "दंगाइयों" से सावधान रहने को कहा था। (पेज-8 भी देखें)

## तल्ख टिप्पणी : कुत्तों को खाना खिलाने वालों व सरकारों की जवाबदेही तय होगी

# अगर कुत्तों को खिलाना है तो उन्हें अपने घर ले जाओ

**सुप्रीम कोर्ट बोला, काटने या चोट के मामलों में भारी मुआवजा देना होगा**

*जब कुत्ते 9 साल के बच्चे पर हमला करते हैं तो उसका जिम्मेदार कौन होगा? क्या हम इस पर आंखें मूंद लें। अब तक किसी ने भी इंसानों के लिए इतनी लंबी बहस नहीं की। मामले में अब अगली सुनवाई 20 को होगी।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आवारा कुत्तों के हमलों पर मंगलवार को शीर्ष अदालत ने सख्त टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि बच्चों या बुजुर्गों को कुत्तों के काटने, चोट लगने या मौत के हर मामले में हम राज्य सरकारों से भारी मुआवजा दिलवाएंगे, क्योंकि उन्होंने पिछले 5 सालों में नियमों को लागू करने के लिए कुछ नहीं किया। कोर्ट ने कहा कि आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वालों की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी। अगर आपको इन जानवरों से इतना प्यार है, तो इन्हें अपने घर क्यों नहीं ले जाते। ये कुत्ते सड़कों पर क्यों घूमते रहें, लोगों को काटें और डराएं। उन्हें हम ऐसे ही नहीं छोड़ सकते।' यह मौखिक टिप्पणी तब आई जब न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ आवारा कुत्तों के मुद्दे से संबंधित स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रही थी।

### आवारा जानवरों को हटाने का निर्देश दिया

पीठ ने कहा कि कुत्ते के काटने की घटनाओं के लिए कुत्ते प्रेमियों और उन्हें खाना खिलाने वालों को भी जिम्मेदार और जवाबदेह ठहराया जाएगा। गौर हो कि सुप्रीम कोर्ट 7 नवंबर, 2025 के अपने उस आदेश में संशोधन की मांग करने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें अधिकारियों को संस्थागत क्षेत्रों और सड़कों से इन आवारा जानवरों को हटाने का निर्देश दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट पिछले साल 28 जुलाई को शुरू किए गए एक स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रहा है, जो राष्ट्रीय राजधानी में आवारा कुत्तों के काटने से होने वाले रेबीज, विशेष रूप से बच्चों के बारे में एक मीडिया रिपोर्ट से संबंधित है।



### हम राज्य सरकारों से करेंगे भारी मुआवजा वसूलने की मांग

न्यायमूर्ति नाथ ने कहा कि कुत्तों के काटने से बच्चों या बुजुर्गों की मृत्यु या चोट के हर मामले के लिए हम राज्य सरकारों से भारी मुआवजा वसूलने की मांग करेंगे, क्योंकि उन्होंने पिछले पांच वर्षों में नियमों के कार्यान्वयन के संबंध में कुछ नहीं किया है। साथ ही इन आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वालों पर भी जिम्मेदारी और जवाबदेही तय की जाएगी। न्यायमूर्ति मेहता ने न्यायमूर्ति नाथ के विचारों से सहमति जताते हुए कहा कि जब कुत्ते 9 साल के बच्चे पर हमला करते हैं तो किसे जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए? क्या उस संगठन को जो उन्हें खाना खिला रहा है? आप चाहते हैं कि हम इस समस्या से आंखें मूंद लें।

### 2011 में प्रमोशन के बाद से मैंने इतनी लंबी बहसें नहीं सुनीं

जस्टिस संदीप मेहता ने महिला वकील की दलील पर कहा- क्या आप सच में ऐसा कह रही हैं? एक वकील ने अभी-अभी हमें सड़कों पर रहने वाले अनाथ बच्चों के आंकड़े दिखाए। शायद कुछ वकील उन बच्चों को गोद लेने की पैरवी कर सकते हैं। जस्टिस मेहता ने कहा कि 2011 में प्रमोशन के बाद से मैंने इतनी लंबी बहसें कभी नहीं सुनीं। अब तक किसी ने भी इंसानों के लिए इतनी लंबी बहस नहीं की है। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने आज की सुनवाई खत्म कर दी। अब 20 जनवरी को दोपहर 2 बजे से अगली सुनवाई होगी। वहीं, जस्टिस संदीप मेहता ने महिला वकील की दलील पर कहा- क्या आप सच में ऐसा कह रही हैं? एक वकील ने अभी-अभी हमें सड़कों पर रहने वाले अनाथ बच्चों के आंकड़े दिखाए। शायद कुछ वकील उन बच्चों को गोद लेने की पैरवी कर सकते हैं।

# गुरुग्राम में सर्दी का 50 साल का रिकॉर्ड टूटा, पारा चढ़ा फिर भी ठिठुर रहे लोग

**पूरा प्रदेश भीषण ठंड की चपेट में, आज येलो अलर्ट जारी**

हरिभूमि टीम ▶▶ हरियाणा

प्रदेश में हाड़ कंपा देने वाली सर्दी जारी है। दिन का तापमान थोड़ा बढ़ा, लेकिन ठिठुरन अभी कम नहीं हुई है। मंगलवार को प्रदेश के कई इलाकों में इलाकों में हल्का पाला देखने को मिला। इससे फसलों को नुकसान होने का अंदेशा है। मौसम विभाग ने 14 जनवरी के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। घना कोहरा और शीतलहर जारी रहेगी। गुरुग्राम में न्यूनतम तापमान 0.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो करीब पांच दशकों में सबसे कम है। हिसार और नारनौल में भीषण ठंड का दौर जारी है। सुबह धूप खिलने से लोगों को भीषण ठंड से कुछ हद तक राहत जरूर मिली।

### कहां कितना तापमान

| | |
|---|---|
| सोनीपत | 1.4 |
| हिसार | 1.5 |
| नारनौल | 1.8 |
| रोहतक | 3.8 |
| अंबाला | 4.2 |
| फरीदाबाद | 4.3 |



**फसल को नुकसान का अंदेशा**

दो दिन तक तक पूरे जिले में पाला जमने के बाद तीसरे दिन कुछ इलाकों में हलका पाला देखने को मिला। पाला जमने के कारण सरसों की अगेती फसल को नुकसान होने का अंदेशा है। नुकसान का पता लगभग एक सप्ताह बाद लगना शुरू होगा। इस समय किसान बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### आठ किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चली हवाएं

मंगलवार को 8 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से ठंडी हवाएं चलीं, जबकि हवा में नमी का स्तर 78 प्रतिशत तक रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि दो दिन बाद मौसम में बदलाव आ सकता है। आसमान में बादलों के बीच बूंदाबांदी भी हो सकती है। तब तक तापमान में और वृद्धि दर्ज की जा सकती है, जो हाड़ कंपाने वाली ठंड का असर कम रखेगी। उधर भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक अगले 24 घंटे में न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा, हालांकि इसके बाद तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की धीरे-धीरे बढ़ोतरी के संकेत हैं।

**अलाव जलाकर सोए थे**

## फरीदाबाद : दम घुटने से पति-पत्नी और बच्चे की मौत

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में एक कमरे में अलाव जलाकर सो रहे पति-पत्नी और पांच साल के बच्चे की मौत हो गई। ठंड से बचने के लिए यह परिवार कमरे में अलाव जलाकर सोया था। जब ये तीनों आज सुबह कमरे से बाहर नहीं निकले तो पड़ोसियों को अनहोनी की आशंका हुई। उन्होंने कमरा खटखटाया तो किसी ने नहीं खोला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने आकर कमरे का दरवाजा तोड़ा और 3 शव बरामद किए। मृतकों की पहचान फरीदाबाद में मुजेसर थाना क्षेत्र के सरूरपुर में रहने वाले रमेश (22), उसकी पत्नी ममता (27) और दोनों का बेटा छोटू (5) के रूप में हुई है। ये लोग मूल रूप से बिहार के बक्सर जिले के रहने वाले थे।

**दिग्विजय सिंह की बड़ी घोषणा**

## मैं अपनी राज्यसभा की सीट खाली कर रहा हूं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



■ कांग्रेस की सत्ता बहाली मिशन पर जुटेंगे

पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने कहा कि वह अपनी राज्यसभा की सीट खाली कर रहे हैं। वे तीसरी बार राज्यसभा में नहीं जाएंगे। दिग्विजय सिंह का कार्यकाल 9 अप्रैल 2026 को पूरा हो रहा है। दिग्विजय की घोषणा के बाद मना जा रहा है कि कांग्रेस किसी बड़े चेहरे को राज्यसभा भेज सकती है। दिग्विजयन कहा कि कई फैसले व्यक्तिगत नियंत्रण में नहीं होते, लेकिन अपनी भूमिका को लेकर वह इतना जरूर कह सकते हैं कि वह राज्यसभा की सीट छोड़ रहे हैं। दिग्विजय सिंह ने दिल्ली में एक प्रजेंटेशन दिया है।

**संघ के दफ्तर पहुंचा चीनी दल**

## सरकार्यवाह होसबाले से की मुलाकात, घंटे भर बात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ मुलाकात अनुरोध खुद चीनी पक्ष की ओर से किया गया

चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। चीनी दल ने आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय दत्तात्रेय होसबाले से उनके दफ्तर में भेंट की। चीनी प्रतिनिधिमंडल सुबह करीब 11 बजे संघ के कार्यालय पहुंचा। वहां दोनों पक्षों के बीच करीब एक घंटे तक बातचीत हुई। बताया जा रहा है कि यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी। खास बात यह है कि इस बैठक का अनुरोध खुद चीनी पक्ष की ओर से किया गया था।

**पीएम 17 को दिखाएंगे हरी झंडी**

## वंदे भारत स्लीपर में कंफर्म सीट, कोई आरएसी नहीं



न्यूनतम किराया 400 किमी के लिए लागू होगा : रेलवे बोर्ड

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय रेलवे जल्द ही यात्रियों को एक नई सौगात देगा। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन जल्द ही यात्रियों को बिल्कुल नया अनुभव देगी। इस ट्रेन की सबसे बात यह है कि इसमें कन्फर्म टिकट मिलेगा ही मिलेगा। इसमें कोई रिजर्वेशन अगेंस्ट कैंसिलेशन (आरएसी) की सुविधा नहीं होगी। इसका न्यूनतम किराया 400 किलोमीटर की दूरी के बराबर होगा। रेलवे बोर्ड ने एक परिपत्र में इसकी जानकारी दी है। वंदे भारत ट्रेन के पहले शयनयान संस्करण को प्रधानमंत्री मोदी ने 17 जनवरी को गुवाहाटी-कोलकाता मार्ग पर हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

**घटना के बाद दहशत फैली**

## अमेरिका में करनाल के युवक की हत्या



लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े होने की आशंका

**करनाल (हरिभूमि न्यूज)।** अमेरिका के इंडियाना में गोलीबारी की घटना में करनाल के गांव सांभी के युवक वीरेंद्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वहीं, एक अन्य युवक घायल हो गया। बताया जा रहा है कि मामला दो आपराधिक गिरोहों के बीच चल रही रंजिश से जुड़ा है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। फिलहाल अमेरिकी प्रशासन की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। जानकारी के अनुसार वह लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा हुआ था। हमले की जिम्मेदारी प्रतिद्वंद्वी रोहित गोदारा गैंग ने ली है। अमेरिकी पुलिस मामले की जांच कर रही है।


## भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए पर सुप्रीम कोर्ट का खंडित फैसला

### 1 जस्टिस नागरत्ना : ऐसी धाराओं से 'भ्रष्ट लोगों' को मिलता है संरक्षण

### 2 जस्टिस विश्वनाथन : इससे ईमानदार अधिकारियों की ज्यादा सुरक्षा होती है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने भ्रष्टाचार विरोधी कानून के 2018 के एक प्रावधान की संवैधानिक वैधता पर खंडित फैसला सुनाया है, जिसमें भ्रष्टाचार के मामले में किसी सरकारी कर्मचारी के खिलाफ जांच शुरू करने से पहले मंजूरी लेना जरूरी है। भ्रष्टाचार निवारण कानून 1988 से जुड़े इस मामले में न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने कहा कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए असंवैधानिक है। इसे निरस्त किया जाना चाहिए। वहीं, पूर्व स्वीकृति अनिवार्य होने पर सवाल खड़े करते हुए जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि ये शर्त भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की भावनाओं के खिलाफ है। इससे जांच बाधित होती है। कानून के ऐसी धाराओं से भ्रष्ट लोगों को संरक्षण मिलता है। हालांकि, मुकदमे की सुनवाई कर रही इस खंडपीठ में शामिल एक अन्य न्यायमूर्ति ने कानून की इस धारा को सांविधानिक बताया।



बीवी नागरत्ना | केवी विश्वनाथन

### अब मामले की बड़ी बेंच करेगी सुनवाई

एक तरफ जहां जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए असंवैधानिक है और इसे खत्म किया जाना चाहिए, तो वहीं जस्टिस केवी विश्वनाथन ने इस प्रावधान को संवैधानिक बताया और ईमानदार अधिकारियों की सुरक्षा की जरूरत पर जोर दिया। ऐसे में अब इस मामले को भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के सामने रखा जाएगा ताकि अंतिम फैसले के लिए मामले की दोबारा सुनवाई के लिए एक बड़ी बेंच बनाई जा सके।

**मंजूरी के बिना किसी भी पूछताछ या जांच पर रोक**

भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17ए, जिसे जुलाई 2018 में पेश किया गया था, किसी भी लोक सेवक के खिलाफ आधिकारिक कर्तव्यों के निर्वहन में की गई सिफारिशों के लिए सक्षम प्राधिकारी से पहले मंजूरी के बिना किसी भी पूछताछ या जांच पर रोक लगाती है। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला एनजीओ 'सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन' द्वारा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संशोधित धारा 17ए की वैधता के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका पर आया है।

## गुरुग्राम एसटीएफ और धारूहेड़ा सीआईए की बड़ी कार्रवाई, 20 हजार का था इनामी

# व्यापारी की हत्या समेत 21 केसों में वांछित सोनू महाल का एनकाउंटर, 2 गोली लगी

**सोनीपत के पिपाना निवासी जयभगवान उर्फ सोनू ने पुलिस पर किए पांच फायर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

गुरुग्राम एसटीएफ और धारूहेड़ा सीआईए के ज्वाइंट एक्शन में सोमवार रात पुलिस ने 20 हजार रुपये के इनामी बदमाश सोनू महाल को एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया। उसके दोनों पैरों में गोली लगी है, जिस कारण उसे उपचार के लिए ट्रॉमा सेंटर में दाखिल कराया गया है। सोनू महाल पर हत्या के 10 मामलों सहित लूट, डकैती व आर्म्स एक्ट के हरियाणा व दिल्ली में 21 केस दर्ज हैं। वह जिले के गांव बहाला में हुए मोहन हत्याकांड का मुख्य शूटर माना जा रहा है। आरोपी के खिलाफ धारूहेड़ा पुलिस थाने में केस दर्ज कराया गया है।

सोमवार देर रात गुरुग्राम एसटीएफ को पुख्ता सूचना मिली थी कि मोहन हत्याकांड का मुख्य शूटर सोनीपत के पिपाना निवासी जयभगवान उर्फ सोनू एनएच-48 से खरखड़ा गांव के रास्ते बाइक पर भटसाना की ओर निकलेगा। सूचना मिलते ही एसटीएफ और सीआईए इंचार्ज योगेश हुड्डा की टीम खरखड़ा के पास पहुंच गई। पुलिस ने भटसाना रोड पर शूटर को घेर लिया। इस दौरान उसने पहले बाइक से पुलिस बेरिकेड्स तोड़कर भागने का प्रयास किया। पुलिस से घिर जाने के बाद उसने पुलिस टीम पर पांच फायर किए। जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो हवाई फायर करने के बाद शूटर के दोनों पैरों में गोलियां मारकर उसे काबू कर लिया। सीआईए धारूहेड़ा प्रभारी योगेश हुड्डा व एक सब इंस्पेक्टर की बुलेट प्रूफ जैकेट में गोलियां लगीं, जिससे वह बाल-बाल बच गए। सूचना मिलते ही डीएसपी सुरेंद्र श्योराण भी ट्रॉमा सेंटर पहुंच गए। डीएसपी के अनुसार मोहन की हत्या की वारदात को अंजाम देने में इस शूटर की भूमिका थी। उसके कब्जे से एक पिस्टल बरामद की गई है।

**अपराध का अंजाम**



रेवाड़ी। अस्पताल में उपचाराधीन इनामी बदमाश सोनू महाल।

### 23 दिसंबर को हत्या की थी, एमडी पर शक

मोहन की बहाला गांव में खाद-बीज की दुकान है। वह 23 दिसंबर को अपनी दुकान के बाहर बेटे व भाई के साथ बैठा हुआ था। इसी दौरान इंडेवर कार में दो युवकों ने दवा खरीदने के बहाने मोहन को दुकान में बुलाकर उस पर गोलियां दाग दी थीं। चार गोली लगने के बाद मोहन ने दम तोड़ दिया था। पुलिस ने उसके बेटे के बयान पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। मोहन हत्याकांड के बाद पुलिस ने हिसार निवासी जयवीर को गिरफ्तार किया था। पुलिस के अनुसार एक कंपनी के एमडी जयवीर का मोहन के साथ पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था। मोहन ने कंपनी की डिस्ट्रीब्यूटरशिप छोड़ दी थी, जिससे दोनों के बीच तकरार बढ़ गई थी। पुलिस ने दावा किया था कि जयवीर ने सुपारी देकर मोहन की हत्या कराई थी।

### चार दिन में पुलिस का दूसरा एनकाउंटर

जिला पुलिस की ओर से अपराधियों पर शिकंजा करने के लिए कमर कस ली गई है। पुलिस ने चार दिन की अवधि में दूसरा एनकाउंटर किया है। गत 9 नवंबर की रात सीआईए की टीम ने जीतपुरा के पास एनकाउंटर के बाद एक इनामी बदमाश सहित चार बदमाशों को काबू किया था। आरोपी के कब्जे से एक पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, पांच खाली खोल व बाइक बरामद किए गए हैं।

### अपराधियों को किसी भी सूरत में नहीं बख्शेंगे



जिला पुलिस अपराधियों को तुरंत दबोचने की दिशा में सराहनीय कार्य कर रही है। अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। सीआईए ने दो बार हुई मुठभेड़ में पांच बदमाशों को काबू करने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई निरंतर चलती रहेगी।

- हेमेंद्र कुमार मीणा, एसपी।

### दुकान पर फायरिंग कर एक करोड़ की रंगदारी मांगने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** पानीपत पुलिस ने समालखा की गुड़ मंडी में मिठाई की दुकान पर फायरिंग व एक करोड़ की रंगदारी मांगने की वारदात का पर्दाफाश कर बुडशाम नहर पुल के पास से सोमवार रात तीन आरोपियों को अवैध हथियारों सहित काबू करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपियों की पहचान बिहौली निवासी निखिल उर्फ लाखन, डाहर निवासी प्रिंस व नारायणा निवासी वंश के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 3 देसी पिस्तौल व 2 रौंद बरामद किए हैं। एएसपी हर्षित गोयल ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सीआईए प्रभारी इंस्पेक्टर विजय व उनकी टीम को आरोपियों की पहचान व धरपकड़ की जिम्मेदारी सौंपी थी। आरोपी निखिल ने साथी प्रिंस व वंश को 50-50 हजार रुपये का प्रलोभन देकर अपने साथ मिलाया। इन्होंने 6 जनवरी की देर शाम हथियारों से लैस होकर समालखा गुड़ मंडी में मिठाई की दुकान पर फायरिंग व रंगदारी मांगने की वारदात को अंजाम दिया। निखिल के खिलाफ चार मामले दर्ज हैं। इनमें 3 मामलों में आरोपी पीओ घोषित है। इन्हें अदालत से 6 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### गोली लगने से घायल हिस्ट्रीशीटर खुद कार चलाकर पहुंचा टोल प्लाजा, अस्पताल में मौत

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में मंगलवार देर शाम एक हिस्ट्रीशीटर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसकी गाड़ी से 2 पिस्टल और 26 गोलियां बरामद हुईं। मंगलवार देर शाम घायल खेड़की दौला टोल प्लाजा के पास खुद ड्राइविंग कर पहुंचा। उसने टोल कर्मियों को कहा कि उसे गोली लगी है। उसने अस्पताल ले जाने की गुहार लगाई। टोल की एम्बुलेंस ने उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि 2 गुटों के बीच गोलीबारी में उसे गोली लगी होगी। प्रारंभिक पूछताछ में मृतक का नाम मनोज ओझा बताया जा रहा है। उस पर 16 केस दर्ज है। हालांकि इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि उसे टोल से पांच किलोमीटर पहले गोली मारी गई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।


**Sh. L. N. Hindu College Bhiwani Road, Rohtak**
Affiliated to M. D. University, Rohtak M. 9992614213

**PUBLIC NOTICE**

**Cancellation of Scheduled Interviews for Non-Teaching Posts**

This is to inform all concerned candidates that the interviews scheduled from 15.1.2026 to 19.1.2026 for the following non-teaching posts stand cancelled due to administrative reasons:

**Restorer, Peon (EWS), Clerk (SC), Mali and Library Attendant.**

Shyam Kapoor
President College Governing Body

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से व.मं.यां.अभि./के एवं वे अम्बाला के द्वारा ई टेंडर संख्या **116S-WC-08-MC-4-2025-26** के अंतर्गत खूली निविदाएं आमंत्रित की जाती है जिसके बंद होने की तिथि व समय 28.01.2026 17:00 है जो उसी दिन 17.05 बजे वेबसाइट पर खोले जाएंगे। इस निविदा के अंतर्गत मनुअल ऑफर स्वीकार्य नही होंगे। टेंडर से सम्बंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

ई–निविदा सूचना सं. – **116S-WC-08-MC-4-2025-26**

| S.N. | कार्य का नाम | एडव्रटाईजड वैल्यू | धरोहर राशि | कार्य की अवधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सी एंड डब्ल्यू डिपो, चंडीगढ़ में कोचों के बायो–टॉयलेट में S- ट्रैप को क्लैंप करने हेतु F-टाइप ब्रैकेट एवं कमोड च्यूट में केज का प्रावधान। | Rs. 12,62,232.43 | Rs. 25,300 | 90 दिन | 28.01.2026 |

नोट:
1. टेंडरर द्वारा निविदा दस्तावेज के साथ सभी संबंधित दस्तावेजों को अपलोड करना आवश्यक है।
2. निविदा सूचना/निविदा दस्तावेज की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें।

संख्या:– **116S-WC-08-MC-4-2026-26** दिनांक: 07.01.2026 **130/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से व. मं. यां. अभि./कै. एवं वै. अम्बाला के द्वारा ई टेंडर संख्या 116S-WC-09-MC-4-2025-26 के अंतर्गत खुली निविदाए आमंत्रित की जाती है, जिसके बंद होने की तिथि व समय 02-02-2026, 10:45 है, जो उसी दिन 10:50 बजे वेबसाइट पर खोले जाएंगे। इस निविदा के अंतर्गत मनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से सम्बंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

**ई निविदा सूचना सं.–116S-WC-09-MC-4-2025-26**

| S. No. | कार्य का नाम | एडवरटाईजड वैल्यू | धरोहर राशि | कार्य की अवधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सी एंड डब्ल्यू डिपो, चंडीगढ़ में मशीनीकृत लॉन्ड्री हेतु भूमिगत क्षैतिज डीज़ल टैंक की आपूर्ति एवं स्थापना | Rs 46,91,321.28 | Rs 293,800 | 90 दिन | 02-02-2026 |

नोट :– 1. टेंडरर द्वारा निविदा दस्तावेज के साथ सभी संबंधित दस्तावेजों को अपलोड करना आवश्यक है। 2. निविदा सूचना/निविदा दस्तावेज की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें।

संख्या **116S-WC-09-MC-4-2025-26** दिनांक **12.01.2026** **131/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# जमीन हड़प कर मंदिर बनाने व 15 लाख कर्ज से बचने को पोते ने की थी दादा-दादी की हत्या

- असंध में बुजुर्ग दंपति की हत्या में तीन आरोपी गिरफ्तार
- कथित रूप से बाबा बना हुआ है आरोपी पोता रविंद्र
- दो युवकों को पैसे का लालच देकर हत्या में किया शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ असंध

बीडीपीओ ऑफिस वाली गली में 11 जनवरी को बुजुर्ग दंपति की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए दंपति के पोते रविंद्र को उसके दो साथियों सहित गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी पोते ने 15 लाख रुपये और दादा की जमीन हड़पने के लिए अपने 2 साथियों के साथ मिलकर पूरी साजिश रची थी। पुलिस ने रविंद्र व जयसिंहपुरा गांव के प्रदीप और गुलशन को 2 दिन के रिमांड पर लिया है। डीएसपी गोरखपाल राणा ने बताया कि मुख्य आरोपी रविंद्र नशे का आदी है। वह कथित रूप से बाबा बना हुआ है। उसकी योजना थी कि अपने दादा हरि सिंह व दादी लीला की हत्या कर उनकी जमीन हड़प लेगा और उस पर मंदिर बनाएगा। उसने दो साथियों प्रदीप और गुलशन को पैसों का लालच देकर योजना में शामिल किया। पुलिस जांच में सामने आया कि 11 जनवरी की रात तीनों ने दादा-दादी के हाथ पैर बांधकर मुंह पर टेप लगा दी थी।

इसके बाद रविंद्र ने दोनों का गला दबा दिया। पुलिस के अनुसार, रविंद्र ने बैंक से 15 लाख का लोन लिया था। समय पर न चुकाने पर बैंक रविंद्र के मकान की कुर्की कर रहा था, लेकिन उसके दादा हरि सिंह ने करीब डेढ़ साल पहले लोन के रुपये चुकाकर कुर्की बचा ली थी। अब दादा रुपये वापस मांग रहे थे। इस वजह से उसने दोनों साथियों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। उसने योजना बनाई थी कि दादा हरिसिंह के कबाड़ी के गोदाम से सामान उड़ाकर पूरे मामले को लूट दिखा दिया जाएगा।



### पोते की कटी अंगुली से पुलिस को हुआ शक

पुलिस ने बताया उन्हें हरि सिंह के छोटे बेटे बंसी के बेटे रविंद्र पर शक हुआ। उसकी अंगुली पर चोट थी। उसने बताया कि लकड़ी काटते हुए चोट लगी। जब लकड़ी वाली जगह पर उसे ले जाया गया तो वहां ऐसा कुछ नहीं मिला।

### चार्जिंग पर लगी इलेक्ट्रिक स्कूटी में ब्लास्ट, बुजुर्ग की मौत

**नारनौल।** रामनगर कॉलोनी में सोमवार रात्रि करीब नौ बजे कमरे के अंदर खड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटी में चार्जिंग के दौरान अचानक ब्लास्ट होने से कमरे में आग लग गई। इस आगजनी में न केवल कमरे के अंदर रखा सारा सामान जल गया, बल्कि उसके अंदर चारपाई पर सो रहे करीब 58 वर्षीय शिव कुमार बावरिया की मौत हो गई। घटना के वक्त उसकी बिटिया पुष्पा घर पर खाना बना रही थी। उसने शोर मचाया तो पड़ोसी इकट्ठा हो गए। फायर ब्रिगेड के पास नौ बजकर तीन मिनट पर फोन किया गया। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने आकर आग पर काबू पाया।

# धन वर्षा करवाने का लालच देकर तांत्रिक ने हड़पे 5.19 लाख रुपये

**यमुनानगर।** तांत्रिक द्वारा धन वर्षा करने के झांसे में लेकर गुरु अर्जुन नगर निवासी सुनील कुमार से सात लाख 19 हजार रुपये हड़प लिए। बाद में आरोपियों ने दबाव में आकर दो लाख रुपये तो वापस कर दिए, लेकिन बाकी देने से मना कर दिया। पुलिस ने आरोपी तांत्रिक को नामजद करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गुरु अर्जुन नगर निवासी सुनील कुमार ने हुडा सेक्टर 17 पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी बुडिया में पंजाबी रसोई के नाम से दुकान थी। इस दौरान उसकी मुलाकात उसके किसी परिचित के माध्यम से उत्तर प्रदेश निवासी तांत्रिक फरीद के साथ हुई। फरीद ने उसे कहा कि वह अपनी तांत्रिक विद्या से धन की वर्षा कर सकते हैं। आरोपी ने उसे अपनी तांत्रिक क्रिया के द्वारा एक मटके में पैसे भी दिखाए। आरोपी ने अलग-अलग करके उससे सात लाख 19 हजार रुपये ले लिए। 27 अगस्त 2025 को आरोपी उसे एक जंगल में दरगाह के पास लेकर गए। जहां पर वह पूजा पाठ करने लगे। इस दौरान वहां पर पुलिस राइडर के दो जवान आए। पूछताछ करने पर वह डर के कारण वहां से भाग आए। उसके बार-बार आग्रह करने पर आरोपियों ने उन्हें दो लाख रुपये वापस किए और पांच लाख 19 हजार रुपये हड़प लिए।


**कार्यालय नगर पंचायत लवन, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
cmolawan@gmail.com

क्रमांक / 219/ लोनिवि / नं.प. / 2025-26 लवन, दिनांक 12/01/2026

**संशोधित ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना (चतुर्थ निविदा)**

नगर पंचायत लवन द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु सक्षम क्षेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली से पंजीकृत एजेंसी / फर्म से ई-प्रोक्योरमेंट टेंडर सिस्टम के माध्यम से आमंत्रित की गई हैं, जिसमें निविदा की अंतिम तिथियों में निम्नानसार संशोधन किया जाता हैं :-

| क्र. | सिस्टम टेंडर | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | आनलाईन निविदा की अंतिम तिथि | फिजिकल दस्तावेज प्राप्त होने की अंतिम तिथि | निविदा खोले जाने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 182017 | Desing, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewge Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of the Entire System in Nagar Panchayat Lawan under SBM 2.0 | 245.74 लाख | दिनांक 23.01.2026 समय- शाम 5.00 बजे तक | दिनांक 29.01.2026 समय- शाम 4.00 बजे तक | दिनांक 29.01.2026 समय- शाम 5.00 बजे से |

नोटः– 1. निविदा संबंधी समस्त दस्तावेज, अमानत राशि व टेंडर प्रोसेसिंग फीस ऑन लाईन अपलोड करना अनिवार्य है। 2. अन्य शर्तें व विस्तृत जानकारियां संबंधित शाखा या विभाग से ई-प्रोक्योरमेंट वेब http://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत लवन
जि.बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

"नगर पंचायत के करों का भुगतान समय सीमा में अवश्य करें"

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद सिरसा | रामनगरीया वार्ड नं. 20, एम.सी. सिरसा में प्रकाश किरयाना स्टोर से बुधराम सैनी चक्की तक आईपीबी गली का निर्माण + 14 कार्य। | 09.01.2026 27.01.2026 | 2,10,33,292/- | https://etenders.hry.nic.in | 9654904167 secymc.sirsa@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/41990/I/88/6 दि. 13.01.26

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद सिरसा | मकान नं. 966 सेक्टर–20 पार्ट–2, एम.सी. सिरसा में पार्क नं. 16 की मरम्मत और रेनोवेशन + 11 कार्य। | 12.01.2026 27.01.2026 | 1,75,42,575/- | https://etenders.hry.nic.in | 9654941067 secymc.sirsa@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/41994/I/88/6 दि. 13.01.26

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका जाखल मण्डी | जाखल मण्डी में माहरी सड़क के तहत ड्रेन्स और अन्य विविध कार्यों को बंद कराने हेतु हरपथ निविदा + 3 कार्य। | 12.01.2026 19.01.2026 | 44,76,584/- | https://etenders.hry.nic.in | 9813250056 dulat.parveen58@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/41995/I/88/6 दि. 13.01.26

**उद्यान विभाग, हरियाणा**
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर (झज्जर)-124105
ई-मेल: Coemunimpur@gmail.com

**केन्द्र पर पॉली हाउस (NVPH) को रिपेयर करवाने के लिए लेबर हेतू मोहरबन्द कुटेशन आमन्त्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर पॉली हाउस (NVPH) को रिपेयर करवाने हेतु लेबर / कारीगर की आवश्यकता है। कार्य का विवरण निम्नलिखित हैः-

NVPH-I & II (2016 sqm each)

| Sn. | Name of work | Qty./Area | Unit Rate |
|---|---|---|---|
| 1 | Replacement of poly sheet | 1222 sqm | /sqm |
| 2 | Replacement/repairing of bottom apron | 100 sqm | /sqm |
| 3 | Replacement of PVC pipe (63mm), Rubber grommet & PVC star nipple connector in fogger & drip irrigation system | 1. PVC pipe (63mm)-20 mtr. 2. Rubber grommet-100 nos 3. PVC star nipple connector-100 nos | /complete job |
| 4 | Replacement of thermal net | 500 sqm | /sqm |
| 5 | Replacement of pully in thermal net | 100 Pcs. | /pcs. |
| 6 | Replacement of curtain clamp | 150 Pcs. | /pcs. |
| 7 | Replacement of Profile | 23 Pcs | /pcs. |
| 8 | Replacement of self-screw | 400 pcs. | /pcs |
| 9 | Repairing of gutter leakage with silicon | 2000 sqm each | /sqm |
| 10 | Washing of HTGH | 2000 sqm each | /sqm |
| 11 | Repairing of tractor entry gate in both NVPHS | One Job | /Job |
| 12 | Replacement of Polyester monofilament wire | 200 mtr. | /mtr. |

इच्छुक फर्म अपने रेट मुहरबंद कुटेशन में दिनांक 21.01.2026 सांय 5 बजे तक कार्यालय में दस्ती तौर पर पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर)- 124105 पर भेजना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए डॉ० हेमन्त सैनी, विषय वस्तु विशेषज्ञ (8683801977) से सम्पर्क कर सकते हैं तथा किसी भी कार्यदिवस में उपरोक्त कार्य के संबंध में केन्द्र का निरीक्षण कर सकते हैं। केन्द्र की आकलन कमेटी के द्वारा आकलन करने उपरान्त सबसे कम मूल्य दर वाली कुटेशन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के सभी अधिकार आकलन कमेटी के पास होंगे।

हस्ता/-विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर, झज्जर।

पीआरडीएच-1149/11/1024/2026/42000/88/6 दि. 13.01.26


## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख–शान्ति रहेगी। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख–रखाव एवं साज–सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन–सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** – पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग–दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** – अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** – मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद–परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** – आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** – मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** – मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

### कुरुक्षेत्र के सन्निहित सरोवर में मिला व्यक्ति का कटा हुआ सिर

**कुरुक्षेत्र।** सन्निहित सरोवर में एक व्यक्ति का कटा सिर पानी में मिलने से सनसनी फैली हुई है। एक महिला कर्मचारी सरोवर पर सफाई कर रही थी तो उसे पानी में एक सिर उतरता हुआ दिखाई दिया। थोड़े दिन पहले कुरुक्षेत्र के केशव पार्क में एक शव मिला था, जिसका सिर गायब था। सिर का डीएनए टेस्ट कराया जाएगा।


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


### शब्द पहेली - 6108



**बाएँ से दाएँ**
1.शरीफ,नेकनीयत–5
4.जिसे सुनाई न दे–3
6.मां का भाई–2
7.एकमात्र,सिर्फ एक–3
8.अधिकार–2
10.सिर झुकाना–3
11.दुर्घटना–4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ–3
16.राजदार–4
17.राजा की पत्नी–2
18.वीज, वीर्य–2
19.मीठा पेय पदार्थ–4
21.पानी की बूंद–3
22.अवरोध,बाधा–4
24.मैला,अस्वच्छ–3
25.पानी,जल–2
27.पुत्र,लड़का–3
28.लाश,पार्थिव देह–2
29.थकावट–3
30.मन मोहने वाला–5

**ऊपर से नीचे**
1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी–5
2.अस्थमा–2
3.राज्य,सल्तनत–4
4.तन,काया,देह–3
5.रास्ता,मार्ग–2
7.नखरा,भुगतान–2
9.डोली उठाने वाले–3
12.बिजली,विद्युत रश्मि–3
13.भद्रता,नेकनियत –4
15.कमल,पंकज–3
16.बुखरा,ज्वर ताप–4
17.आराम,मदद–3
18.घना वन–3
20.मन को भाने वाला –2,3
21.कथा,गाथा–3
22.कहासुनी–4
23.मनन करना–3
24.शराब–2
26.घोड़ागाड़ी–2
28.बढ़ावा देना–2

**शब्द पहेली-6107 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | रा | ह | ज | नी | | फि | स | ल | ना | |
| अ | | क | हा | र | | त | न | य | | बु |
| ह | क | | न | व | | र | म | | फ | न |
| म | म | ता | | ता | क | त | | चा | त | क |
| क | र | त | ब | | म | | त | ल | वा | र |
| | | | ल | ह | र | दा | र | | | |
| ला | व | ज | मा | | बं | | स | ह | ल | ज |
| ज | त | न | | म | द | द | | म | ग | न |
| वा | न | | क | न | | ह | म | | न | म |
| ब | | त | म | स | | ली | ट | र | | त |
| | मे | ह | रा | ब | | ज | र | ब | फ्त | |



# राजोरी के पास फिर दिखे ड्रोन सेना ने बरसाई गोलियां तो भागे

एजेंसी ▶▶ राजोरी

जिले में नियंत्रण रेखा से सटे इलाकों में मंगलवार शाम को एक बार फिर पाकिस्तानी ड्रोन देखे गए। सेना ने ड्रोन पर गोलीबारी की तो वे गायब हो गए। माना जा रहा है कि गोली से, ड्रोन या तो कहीं गिरे हैं या फिर पाकिस्तान की तरफ वापस चले गए। रविवार शाम को राजोरी, पुंछ और सांबा जिले में पाकिस्तानी ड्रोनों की घुसपैठ हुई थी। शाम 7 बजे से साढ़े सात बजे के बीच पहले राजोरी के केरी सेक्टर के डूंग गाला और उसके बाद ठंडीकस्सी में ड्रोन देखे गए। केरी के डूंगा गाला में दो से तीन ड्रोन दिखते ही सेना ने उनपर गोलियां दागीं। इसके बाद ड्रोन गायब हो गए।

### पुंछ के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ट्रेकिंग, हाईकिंग और कैंपिंग पर बैन

पुंछ जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की ट्रेकिंग, हाईकिंग और कैंपिंग जैसी गतिविधियों पर मंगलवार को तत्काल रोक लगा दी गई है। ये आदेश अगले दो महीने तक लागू रहेंगे। डीसी कार्यालय पुंछ से जारी आदेश में का गया है कि सुरक्षा व खुफिया एजेंसियों की तरफ से सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए कहा गया है कि जिले की सीमा में कुछ ऊंचाई वाले स्थानों पर किसी की व्यक्तिगत व दलों की आवाजाही जनसुरक्षा के लिए खतरा बन सकती है।

# प्रचार समाप्त, पार्टियों के बीच आरोप प्रत्यारोप सातवें आसमान पर पहुंचे

मराठी अस्मिता और गठबंधन के मुद्दे पर यहां गरमाई सियासत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र की राजनीति में नगर निगम चुनाव इस बार सत्ता की कठिन परीक्षा बन गया है। 15 जनवरी को राज्य की 29 नगर निगमों में मतदान होना है, जिसे लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष आमने-सामने हैं। मराठी अस्मिता, गठबंधन की मजबूती और बीएमसी की कुर्सी समेत कई मुद्दों को लेकर राजनीतिक पार्टियों के बीच आरोप-प्रत्यारोप सातवें आसमान पर पहुंच गया है। आज यानी मंगलवार को इस चुनावी अभियान के प्रचार-प्रसार का आखिरी दिन है। ऐसे में राजनीतिक पार्टियां चुनावी रण में अपनी-अपनी दावेदारी प्रबल बताने में लगी हुई हैं। प्रचार के आखिरी दौर में भी कई बड़े नेता मैदान में उतर चुके हैं, जिसके चलते सियासी तापमान अपने चरम पर है।

*15 को मतदान 29 नगर निगमों में चुनाव*

*7.30 बजे सुबह से होगी वोटिंग*

*227 वार्डों में बीएमसी में मतदान, 1,700 उम्मीदवार मैदान में*


बीएमसी

### नागपुर में सीएम फडणवीस ने किया रोड शो


चुनाव प्रचार प्रसार के आखिरी दिन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में जबरदस्त रोड शो किया। वे बुलेट बाइक पर सवार होकर रैली में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि चुनाव के बाद मुंबई में महायुति का मेयर बनेगा। सीएम फडणवीस ने साफ कहा कि बीएमसी की कमान मराठी हाथों में ही रहेगी। उन्होंने विपक्ष को जवाब देते हुए कहा कि मराठी समाज खतरे में नहीं है, बल्कि कुछ राजनीतिक दलों का अस्तित्व खतरे में है।

महादेव ऐप मामला

# रवि उप्पल के साथ आरोपियों की 21 करोड़ की संपत्ति कुर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

ईडी ने बुधवार को कहा कि उसने 'अवैध' महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप मामले में फरार प्रमुख प्रवर्तकों में से एक रवि उप्पल सहित विभिन्न आरोपियों की लगभग 21 करोड़ रुपए की नयी संपत्ति कुर्क की है। इस मामले में छत्तीसगढ़ के कई बड़े राजनीतिक नेताओं और नौकरशाहों की कथित संलिप्तता बताई जाती है। धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत 10 जनवरी को एक अंतरिम आदेश जारी किया गया।




### महादेव सट्टा किंग सौरभ का मनाया बर्थ-डे सैलिब्रेशन

**भिलाई।** महादेव सट्टा के किंग और प्रमोटर सौरभ चंद्राकर का जन्म दिन 13 जनवरी मंगलवार को भिलाई में जगह-जगह मनाया गया। इस दौरान कैम्प समेत आसपास के क्षेत्रों में सोमवार की रात 11 बजे से ही केक कटना और आतिशबाजी 1.30 बजे तक चलती रही। धूमधाम से फूट रहे पटाखों की गूंज की जानकारी पुलिस को मिली।

## खबर संक्षेप

### लंदन में 14 साल की लड़की का गैंगरेप

**नई दिल्ली।** लंदन में पाकिस्तानी ग्रूमिंग गैंग द्वारा सिख लड़की (14) को प्रेम जाल में फंसाकर यौन शोषण का मामला सामने आया है। लड़की को पाकिस्तानी ग्रूमिंग गैंग ने पहले अगवा किया और फिर फ्लैट में बंद कर 5-6 लोगों से रेप कराया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जैसे ही इस घटना के बारे में लंदन में रहने वाले सिखों को पता चला तो वे आरोपी के फ्लैट के बाहर पहुंचे और जमकर हंगामा किया।

### उपराष्ट्रपति ने नशामुक्त परिसर की शुरुआत की

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने नशीले पदार्थों के इस्तेमाल से बचाने,विकसित तथा आत्मनिर्भर भारत दृष्टियोजना साकार करने के निरंतर सामूहिक प्रयास की जरूरत पर जोर देते हुए मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय में नशामुक्त परिसर अभियान आरंभ किया। साथ ही ई-संकल्प मंच और मोबाइल एप्लिकेशन का भी शुभारंभ किया।

### राज ठाकरे के बयान पर भड़के अयोध्यावासी

**अयोध्या।** यहां के साधु-संत और स्थानीय लोगों ने बताया कि राज ठाकरे को ऐसी भाषा का प्रयोग नहीं करना चाहिए। पूरे देश में हिंदी भाषा बोली जाती है। जबरदस्ती किसी भी भाषा को नहीं बुलवाया जा सकता है। राज का बयान बेहद ही निंदनीय है और उनको माफी मांगनी चाहिए। अगर राज ऐसा करेंगे, तोमहाराष्ट्र के लोगों के साथ भी ऐसा होगा।



### सलेम अंतरराष्ट्रीय अपराधी, 2 दिन पैरोल दें

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को बंबई हाई कोर्ट को बताया कि 1993 के मुंबई बम धमाका मामले में दोषी गैंगस्टर अबू सलेम एक अंतरराष्ट्रीय अपराधी है। उसे पुलिस सुरक्षा के साथ केवल दो दिन की आपातकालीन पैरोल दी जा सकती है। सलेम ने अपने बड़े भाई की मृत्यु का हवाला देकर 14 दिन की पैरोल मांगी थी। इसी पर सवाल उठा है।



## शाह ने गांधीनगर में 267 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन- शिलान्यास

# सनातन धर्म को मिटाना आसान नहीं, ये सूरज और चांद की तरह सदैव अमर रहेगा

एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि भारत के सनातन धर्म, संस्कृति, लोगों की आस्था को खत्म करना आसान नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने सोमनाथ मंदिर के बीती सदियों में बार-बार तोड़े जाने और 16 बार पुनर्निर्माण का हवाला दिया। शाह ने कहा कि जिन लोगों ने सोमनाथ मंदिर पर हमले किए, वो मिट गए, लेकिन मंदिर आज भी उसी जगह पर पूरे गर्व के साथ खड़ा है। केंद्रीय गृह मंत्री शाह गुजरात दौरे पर हैं। मंगलवार को अमित शाह ने गांधीनगर में 267 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि 16 बार तबाह किए जाने के बावजूद सोमनाथ मंदिर 1000 साल बाद भी पूरे गर्व और सम्मान के साथ खड़ा है और इसके शीर्ष पर धर्मध्वजा लहरा रही है। गृह मंत्री शाह ने कहा कि ये पूरी दुनिया के लिए संदेश है कि भारत के सनातन धर्म, संस्कृति और लोगों की आस्था को मिटाना आसान नहीं है। यह चांद और सूरज की तरह शाश्वत और अमर है। सोमनाथ मंदिर भारत की आस्था, विश्वास और गर्व का प्रतीक है।

### पीएम ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का शुभारंभ किया था



*बीती 11 जनवरी को पीएम मोदी ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का शुभारंभ किया था। यह पर्व सोमनाथ मंदिर पर महमूद गजनी के हमले और मंदिर के पुनर्निर्माण के 1000 हजार साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। महमूद गजनी ने साल 1026 में सोमनाथ मंदिर पर हमला किया था। केंद्रीय गृह मंत्री ने बताया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सोमनाथ मंदिर के भव्य कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पूरे सालभर देश में मनाया जाएगा। इस दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और लोगों को जागरूक किया जाएगा।*

### मंदिर पर नहीं हमारी आस्था पर किया था हमला

शाह ने कहा कि एक हजार साल पहले महमूद गजनी ने सोमनाथ मंदिर पर हमला किया और इसे तोड़ा। उसके बाद अन्य हमलावरों जैसे अलाउद्दीन खिलजी, अहमद शाह, महमूद बेगड़ा और औरंगजेब ने भी हमले किए, लेकिन हर हमले के बाद मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया। हमलावर तबाही में विश्वास रखते थे और मंदिर बनाने वालों का विश्वास रचना में। आज 1000 साल बाद हमलावर मिट गए हैं, लेकिन सोमनाथ मंदिर अभी भी पूरे गर्व के साथ खड़ा है। शाह ने कहा कि सोमनाथ मंदिर पर हमला सिर्फ एक मंदिर पर हमला नहीं था बल्कि ये हमारी आस्था, विश्वास और आत्म सम्मान पर हमला था। हमले का जवाब दूसरा हमला नहीं हो सकता। इसका उत्तर आत्म-सम्मान में छिपा है।

### यहां पर विश्वस्तरीय व्यवस्था होगी,अध्ययन की सुविधा भी

शाह ने कहा कि दुनिया भर की बीएसएल लैब्स का अध्ययन करके यह तैयार की जा रही है। यहां पशुओं से होकर मानव तक पहुंचने वाले रोगों का भी अध्ययन करने की विश्वस्तरीय व्यवस्था होगी। एक अध्ययन के अनुसार 60 से 70 प्रतिशत बीमारियां पशुओं से होकर इंसान तक पहुंचती हैं, इसलिए भारत ने वन हेल्थ मिशन के माध्यम से मानव और पशु दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का कार्यक्रम शुरू किया है।

### गुजरात बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च सेंटर समग्र विकास का आधार बनेगा

शाह ने गांधीनगर में गुजरात बायोटेक्नॉलजी रिसर्च सेंटर की बीएसएल-4 बायो-कंटेनमेंट फैसिलिटी का शिलान्यास किया। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज गुजरात की धरती से हम भारत की स्वास्थ्य सुरक्षा, बायो सेफ्टी और बायोटेक विकास के एक नए युग की शुरुआत कर रहे हैं। गुजरात बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च सेंटर में बीएसएल-4 बायो-कंटेनमेंट फैसिलिटी के शिलान्यास से आगामी दिनों में समग्र भारत के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र का एक मजबूत सुरक्षा कवच बनकर उभरेगा।

### पुणे के बाद भारत की दूसरी उच्च स्तरीय लैब होगी

शाह ने कहा कि पुणे की वायरोलॉजी इंस्टीट्यूट के बाद यह भारत की दूसरी उच्च स्तरीय लैब होगी। परंतु, किसी राज्य सरकार द्वारा बनाई जा रही यह पहली लैब है, जिसका श्रेय गुजरात को जाता है। एक विशाल कॉम्प्लेक्स में 362 करोड़ की लागत से 11 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में देश की जैविक सुरक्षा का एक मजबूत किला बनने जा रहा है।

## 'जन नायकन' रोकने का प्रयास हो रहा

# पीएम तमिल जनता की आवाज नहीं दबा सकते : राहुल गांधी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

थलापति विजय की आखिरी फिल्म मानी जा रही है 'जन नायकन' रिलीज से पहले ही विवादों में फंसी है। अपने सेंसर सर्टिफिकेट को लेकर फिल्म के मेकर्स अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुके हैं। इस बीच विजय की फिल्म को तमिल सिनेमा के तमाम कलाकारों का समर्थन मिल रहा है। अब इस मामले में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस पार्टी के सांसद राहुल गांधी ने भी प्रतिक्रिया दी है। राहुल ने विजय की 'जन नायकन' की रिलीज अटकने पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। राहुल ने इसको लेकर अपने एक्स पर एक पोस्ट की है। इस पोस्ट में राहुल ने पीएम मोदी का जिक्र किया है। पोस्ट में राहुल ने लिखा कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा 'जन नायकन' को रोकने का प्रयास तमिल संस्कृति पर हमला है। पीएम मोदी आप तमिल जनता की आवाज को दबाने में कभी सफल नहीं होंगे।

### पिछले हफ्ते मद्रास हाईकोर्ट ने दिया था यह आदेश

'जन नायकन' की रिलीज का मामला अब सुप्रीम कोर्ट की चौखट पर पहुंच चुका है। इससे पहले पिछले सप्ताह मद्रास हाईकोर्ट ने फिल्म को यूए सर्टिफिकेट जारी करने के निर्देश दिए थे। अदालत ने साफ किया था कि सीबीएफसी के चेयरपर्सन का फिल्म को रिवाइजिंग कमेटी के पास भेजने का अधिकार अवैध था। कोर्ट के मुताबिक, जब चेयरपर्सन ने सिफारिश की थी कि सर्टिफिकेट कट के बाद जारी किया जाएगा, तब उनका ये अधिकार खत्म हो गया था। निर्माताओं ने सर्टिफिकेट देने की मांग के साथ अदालत का रुख किया था।

# हिमालय में मिला कैंसर रोधी 'दुर्लभ चागा' मशरूम, यह प्राचीन भोजपत्र पर दिख रहा

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में प्रकृति का एक अनमोल औषधीय खजाना मिला है। जड़ी-बूटी शोध संस्थान (मंडल) से सेवानिवृत्त वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. विजय भट्ट ने धारचूला के बालिंग और सीपू जैसे दुर्गम इलाकों में चागा मशरूम की पहचान की है। यह न केवल दुर्लभ है, बल्कि कैंसर जैसी घातक बीमारी से लड़ने में भी सक्षम पाया गया है। यह मशरूम केवल उन्हीं भोजपत्र के पेड़ों के तनों पर उगता है जिनकी आयु 100 वर्ष से अधिक हो चुकी है।

### जले हुए कोयले या मधुमक्खी के छत्ते जैसा दिखा



डॉ. भट्ट ने बताया कि अब तक यह माना जाता था कि चागा मशरूम(मइनोनोटस ओब्लिक्वस) मुख्य रूप से साइबेरिया और रूस के ठंडे जंगलों में ही पाया जाता है। लेकिन धारचूला और नीति घाटी में 3000 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर इसकी मौजूदगी ने शोधकर्ताओं को उत्साहित कर दिया है। यह जले हुए कोयले या मधुमक्खी के छत्ते जैसा भूरा-काला नजर आता है।

### अंतरराष्ट्रीय बाजार में ऊंची कीमत

चागा मशरूम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में काफी मांग है। दिल्ली सहित बड़े महानगरों में साइबेरिया व रूस से आयातित चागा मशरूम 25 से 30 हजार रुपए प्रति किलो तक बिक रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि इसका संरक्षण किया जाए तो सीमांत क्षेत्रों के ग्रामीणों को इससे आर्थिक लाभ मिल सकता है।

### औषधीय चाय के रूप में होता है उपयोग

डॉ. भट्ट ने बताया कि इस मशरूम को वैज्ञानिक विधि से सुखाकर इसका पाउडर तैयार किया जाता है, जिसका उपयोग शहद के साथ हर्बल चाय के रूप में होता है। इसमें विटामिन-डी2, पॉलीसैकेराइड्स और मिनरल्स प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। उन्होंने यह चाय बेंगलुरु, दिल्ली और चंडीगढ़ के कई मरीजों को भेजी है, जिनसे अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। कैंसर पीड़ित लोग और लीवर की बीमारी से जूझ रहे लोग इसे काफी असरदार बता रहे हैं।

भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी- पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वीं मंज़िल,
प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर,
गुडगाँव, हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated
Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor, Plot
P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

प्रारूप संख्या एसटीके-6
सार्वजनिक सूचना
{कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में।}

सार्वजनिक नोटिस ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2025-26/1709 दिनांकः-06/01/2026
संदर्भः
1. कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (8) कम्पनियों का नाम हरियाणा राज्य से हटाने के मामले में:

| S.No | Work Item | CIN | Hindi Name |
|---|---|---|---|
| 1. | AC0813402 | U74999HR2023PTC109397 | ओनऑल सोशल मीडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 2. | AC0030593 | U35911HR1996PTC033262 | डायनाट्रैक माइक्रो प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड |
| 3. | AC0951085 | U24239HR2022PTC102042 | केआर एनिमल हेल्थ प्राइवेट लिमिटेड |
| 4. | AC0757663 | U92490HR2019PTC080114 | डकबक चैलेंज प्राइवेट लिमिटेड |
| 5. | AC0928977 | U10803HR2025PTC129227 | पॉपलेट प्राइवेट लिमिटेड |
| 6. | AC0892384 | U70109HR2022PTC107375 | बीएनकेएम रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड |
| 7. | AB9837762 | U40200HR2022PLC105371 | स्टरलाइट ग्रिड 40 लिमिटेड |
| 8. | AC0167008 | U50103HR2021PTC100077 | जस्टिन फ्यूल प्राइवेट लिमिटेड |

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे है या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रूप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी ने रजिस्ट्रार से अपना/अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।
3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है।
4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को/कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं।
इरकन तिर्की
उप-पंजीयक
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र
CBC 07123/11/0589/2526

राष्ट्रीय युवा दिवस पर अश्विनी ने कहा- इससे उत्पादकता बढ़ेगी

# अब देश का हर युवा मुफ्त सीख सकेगा एआई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि आज के समय में नागरिकों, खासकर युवाओं के लिए यह जरूरी है कि उन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की बुनियादी समझ हो कि यह क्या है, कैसे काम करता है, कहां उपयोग होता है। साथ ही इसका जिम्मेदारी से इस्तेमाल कैसे किया जाए? राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि अगर छोटे उद्यम एआई का सही इस्तेमाल करें तो इससे उनकी उत्पादकता बढ़ेगी और उन्हें बड़ा लाभ मिलेगा।

### आज के समय में युवाओं में बुनियादी समझ होना अतिआवश्यक

### एक साल में 10 लाख युवाओं को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य



वैष्णव ने बताया कि इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय एआई साक्षरता कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसके तहत अगले एक साल में 10 लाख युवाओं को एआई की ट्रेनिंग देने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार ने इस मौके पर अपने प्रमुख कोर्स 'युवा एआई फॉर आल' को भी सामने रखा, जो स्वामी विवेकानंद के प्रबुद्ध युवाओं के सपने को आधुनिक एआई युग से जोड़ने की दिशा में एक अहम कदम है।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वास्थ्य सिविल सर्जन जीन्द | दंत सामग्री ऑर्थो इम्प्लॉट्स की ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 13.01.2026 28.01.2026 | ईएमडी 30,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 7015444191 cds.jind@gmail.com |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | भिवानी डिवीजन के सिंचाई विभाग हरियाणा हेतु इलैक्ट्रिकल मदों की आपूर्ति। | 13.01.2026 27.01.2026 | 17,59,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2582542 xenproc@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव पंधवान में खेल के मैदान में ट्रैक का निर्माण, (डी-प्लॉन)। | 06.01.2026 13.01.2026 | 8,39,397/- | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग | बहादुरगढ़ के उत्तरी बाईपास को नाहरा नाहरी सड़क से जोड़ने के लिए कुलासी लिंक ब्रांच के आरडी 0 से 490 के ऊपर बॉक्स स्ट्रक्चर का निर्माण। | बंद होने की तिथि 02.02.2026 | 5,78,83,566/- | https://etenders.hry.nic.in | 01276-298418 wsdivisionbgarh@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | कोलापुर - गांव कोलापुर ब्लॉक पिपली कुरुक्षेत्र में 1. नायब सिंह पुत्र करण सिंह के मकान से ज्वाला सिंह पुत्र प्रेम सिंह के मकान तक, 2. सोहन लाल नम्बरदार पुत्र रती राम के मकान से तेजपाल के बाड़े तक फिरनी का निर्माण। | 12.01.2026 26.01.2026 | 37.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 6 | हरियाणा इंटरप्राइजेज प्रमोशन सेंटर (एचईपीसी), डिपॉर्टमेंट ऑफ इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स हरियाणा | हरियाणा राज्य हेतु निवेशक एनेबलमेंट कक्ष की स्थापना। | 14.01.2026 03.02.2026 | 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9653707000 hepcharyana@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज सोनीपत | गांव जोहली एचआरडीएफ जिला सोनीपत में पक्की चौपाल का निर्माण। | बंद होने की तिथि 19.01.2026 | 31.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 8 | वन विभाग सिरसा | विभिन्न खण्डों में सांस्कृतिक प्रचालन और नर्सरी कार्य को ऊपर उठाना। | बंद होने की तिथि 19.01.2026 | 39,03,907/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416029545 forest_sirsa@yahoo.com |
| 9 | वन विभाग सिरसा | डीएफओ कार्यालय के नये भवन का निर्माण, सिरसा। | बंद होने की तिथि 16.01.2026 | 96,28,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416029545 forest_sirsa@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/180/42011/I/88/6 दि. 13.01.26

## चिंतन

# डिलीवरी बॉयज की सुरक्षा को प्राथमिकता दें कंपनियां

इटर्नल के स्वामित्व वाली इकाई ब्लिंकिट ने पहले दावा किया था कि वह 10 मिनट में सामान पहुंचाएगी। अब कंपनी ने डिलीवरी कर्मियों के कल्याण से जुड़ी बढ़ती चिंताओं के बीच सभी मंच से अपना '10 मिनट में' डिलीवरी का दावा हटा लिया है। कंपनी ने अपनी टैग-लाइन को 10 मिनट में 10,000 से अधिक उत्पाद पहुंचेंगे से बदलकर अब 30,000 से अधिक उत्पाद आपके दरवाजे पर पहुंचेंगे कर दिया है। हालांकि यह फैसला कर्मचारियों की हड़ताल और केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया के हस्तक्षेप के बाद लिया गया है। सरकार डिलीवरी कर्मियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित थी। चूंकि 10 मिनट में डिलीवरी से राइडर्स की सुरक्षा को खतरा पैदा हो रहा था। इतने कम समय में सामान डिलीवर करने के लिए उन्हें तेज रफ्तार से बाइक चलानी होती है। इससे सड़क हादसों के कारण उनकी जान को खतरा हो रहा था। इसके अलावा उपभोक्ता से मिले ओटीपी के बाद ही उनका सामान डिलीवर माना जाता है। समय पर डिलीवरी न होने से राइडर्स की रैंक प्रभावित होती है। उत्तर भारत में जारी भीषण सर्दी और कोहरे के बीच ब्लिंकिट के फैसले से हजारों डिलीवरी बॉयज को बड़ी राहत मिलेगी। बता दें कि इस समय भीषण ठंड के कारण लोग घरों से बाहर निकलना ठीक नहीं समझते। ऐसे में वे घर का सामान ऑनलाइन मंचों से अधिक मंगाते हैं। इसके कारण डिलीवरी बॉयज पर समय पर सामान पहुंचाने की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। इतना कम समय होने के कारण सुबह-शाम ऑफिस के समय और रात को गिग वर्कर्स को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। ऐसे में कर्मचरियों पर भारी दबाव था, क्योंकि समय पर डिलीवरी नहीं होने से कर्मचरियों की परफॉर्मेंस प्रभावित होती थी। उन्हें अच्छी रैंक तभी मिलती थी, जब वे समय पर डिलीवरी कर उपभोक्ता के मोबाइल पर आने वाले ओटीपी को कंपनी के एप पर सेंड करते थे। ब्लिंकिट के बाद अब स्विगी और जेप्टो जैसे अन्य 'क्विक कॉमर्स' मंच भी इस कदम का अनुसरण कर सकते हैं। यह एक बड़ा बदलाव होगा, जो ऐसे कर्मचारियों को सुरक्षा प्रदान करेगा। दस मिनट में डिलीवरी के वादे के कारण गिग वर्कर्स ने देशव्यापी हड़ताल की थी, जिसने कर्मचारियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और आय की ओर ध्यान आकर्षित किया। हाल में 'एक्स' पर इटर्नल ग्रुप के सीईओ दीपिंदर गोयल ने लिखा था कि 10 मिनट में डिलीवरी का वादा सामान पहुंचाने वालों पर दबाव नहीं डालता है और न ही असुरक्षित ड्राइविंग का कारण बनता है, क्योंकि उन्हें एप पर 10 मिनट का टाइमर नहीं दिखाया जाता है। उन्होंने यह भी कहा था कि 10 मिनट में या उससे तेज डिलीवरी मुख्य रूप से स्टोर ग्राहकों के करीब होने के कारण होती है, न कि सड़क पर तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने के कारण। यह फैसला डिलीवरी कर्मियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देता है, जो अक्सर अपनी जान जोखिम में डालकर डिलीवरी करते हैं। यह गिग वर्कर्स के अधिकारों को मजबूत करेगा, जो अक्सर अपने अधिकारों से वंचित रह जाते हैं। कुल मिलाकर, ब्लिंकिट का '10 मिनट में डिलीवरी' का दावा हटाने का फैसला एक महत्वपूर्ण कदम है, जो डिलीवरी कर्मियों की सुरक्षा और उनके अधिकारों को प्राथमिकता देता है। इस फैसले से यह संदेश जाता है कि कंपनियों को अपने कर्मियों की सुरक्षा और अधिकारों को प्राथमिकता देनी चाहिए, न कि सिर्फ मुनाफे को। यह फैसला अन्य कंपनियों के लिए भी एक उदाहरण हो सकता है, जो अपने कर्मियों की सुरक्षा और अधिकारों को नजरअंदाज कर रहे हैं।

# उत्तरायण का मकर संक्रांति से प्रारम्भ



पर्व

डॉ. बलबीर आचार्य

जब सूर्य की गति उत्तर की ओर होती है तब उत्तरायण (उत्तर+अयन) कहलाता है और जब सूर्य की गति दक्षिण की ओर होती है तब दक्षिणायन (दक्षिण+अयन) कहलाता है। भारतीय संस्कृति में उत्तरायण केवल खगोलीय घटना नहीं, अपितु आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक है। इसीलिए उत्तरायण को देवयान मार्ग, उत्तम मार्ग, प्रकाश का मार्ग कहा गया है। ऋतु का आधार कहा गया है। देवताओं का दिन-रात भी सूर्य की गति से जोड़ा गया है। मकर संक्रान्ति महज पतंग उड़ाने या पकवान खाने का दिन नहीं है। यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि परिवर्तन सृष्टि का नियम है और जब हम प्रकृति के साथ लयबद्ध होते हैं तो हमारा जीवन आनन्द और आरोग्य से भर जाता है।

जितने काल में पृथ्वी सूर्य के चारों ओर परिक्रमा पूरी करती है, उसको एक 'सौर वर्ष' कहते हैं और कुछ लम्बी वर्तुलाकार जिस परिधि पर पृथ्वी परिभ्रमण करती है, उसको 'क्रान्तिवृत्त' कहते हैं। ज्योतिषियों द्वारा इस क्रान्तिवृत्त के 12 भाग कल्पित किए हुए हैं और उन 12 भागों के नाम उन-उन स्थानों पर आकाशस्थ नक्षत्र पुंजों से मिलकर बनी हुई कुछ मिलती-जुलती आकृति वाले पदार्थों के नाम पर रख लिए गए हैं। प्रत्येक भाग व आकृति 'राशि' कहलाती है। जब पृथ्वी एक राशि से दूसरी राशि में संक्रमण करती है तब उसको 'संक्रान्ति' कहते हैं। सूर्य सिद्धान्त (1.12) में कहा गया है- "राश्यन्तरं यदा सूर्यः संक्रान्तिरिति कथ्यते" लोक में उपचार से पृथ्वी के संक्रमण को सूर्य का संक्रमण कहने लगे हैं। छह मास तक सूर्य क्रान्तिवृत्त से उत्तर की ओर उदय होता रहता है और छह मास तक दक्षिण की ओर निकलता रहता है। सूर्य के उत्तर की ओर उदय की अवधि को 'उत्तरायण' और दक्षिण की ओर उदय की अवध को 'दक्षिणायन' कहते हैं। अयन का अर्थ होता है गति।

जब सूर्य की गति उत्तर की ओर होती है तब उत्तरायण (उत्तर+अयन) कहलाता है और जब सूर्य की गति दक्षिण की ओर होती है तब दक्षिणायन (दक्षिण+अयन) कहलाता है। उत्तरायण काल में सूर्य उत्तर की ओर से उदय होता हुआ दिखता है, उसमें दिन बढ़ता जाता है और रात्रि घटती जाती है। दक्षिणायन में सूर्योदय दक्षिण की ओर दृष्टिगोचर होता है। उसमें रात्रि बढ़ती जाती है और दिन घटता जाता है। सूर्य की मकर राशि की संक्रान्ति से उत्तरायण और कर्क राशि की संक्रान्ति से दक्षिणायन प्रारम्भ होता है। प्राचीन भारत में उत्तरायण और मकर संक्रान्ति एक ही दिन होते थे। अयन चलन के कारण वे धीरे-धीरे अलग हुए। सामान्यतः मकर संक्रान्ति को उत्तरायण का आरम्भ माना जाता है। खगोल विज्ञान के अनुसार सूर्य का उत्तरायण वह बिन्दु है, जब सूर्य दक्षिणी गोलार्ध में अपनी अधिकतम स्थिति (मकर रेखा) से उत्तर दिशा की ओर लौटना प्रारम्भ करता है। यह घटना 21 या 22 दिसम्बर को घटित होती है। इसे शीत अयनान्त कहा जाता है। इसी दिन उत्तरी गोलार्ध में सबसे लम्बी रात होती है। यह घटना पृथ्वी के अक्षीय झुकाव (23.5°) तथा उसकी वार्षिक परिक्रमा का प्रत्यक्ष परिणाम है। इस दृष्टि से यही समय वास्तविक या खगोलीय उत्तरायण है। भारतीय पंचांग की निरयन पद्धति के अनुसार, जब सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करता है, तब मकर संक्रान्ति होती है। यह सामान्यतः 14 या 15 जनवरी को आती है। भारतीय ज्योतिष स्थिर नक्षत्रों को आधार मानता है। पृथ्वी की धुरी के धीमे झुकाव के कारण (अयन चलन), सूर्य का राशियों में प्रवेश क्रमशः आगे खिसकता रहता है। अयन चलन और दोनों तिथियों में अन्तर- पृथ्वी की धुरी में होने वाला अयन चलन लगभग 25,920 वर्षों में पूर्ण होता है। इसके कारण हर 72 वर्षों में लगभग 1 दिन का अन्तर पड़ता है। लगभग 1500–1700 वर्ष पूर्व मकर संक्रान्ति और शीतकालीन संक्रान्ति एक ही दिन पड़ते थे। वर्तमान में दोनों के बीच लगभग 23–24 दिनों का अन्तर है। इस परिवर्तन में लम्बा समय लगा है, परन्तु उत्तरायण का पर्व, मकर-संक्रान्ति के दिन ही मनाया जाता है। इससे सर्व साधारण की ज्योतिष-शास्त्र के प्रति अनभिज्ञता का कुछ



परिचय मिलता है। किन्तु शायद पर्व का महत्त्व बना रहे, यह मानकर मकर- संक्रान्ति के दिन ही पर्व मनाने की रीति चली आती हो। भारतीय संस्कृति में उत्तरायण केवल खगोलीय घटना नहीं, अपितु आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक है। इसीलिए उत्तरायण को देवयान मार्ग, उत्तम मार्ग, प्रकाश का मार्ग कहा गया है।

ऋतु का आधार कहा गया है। देवताओं का दिन-रात भी सूर्य की गति से जोड़ा गया है। यजुर्वेद और तैत्तिरीय संहिता में सूर्य के उत्तरायण और दक्षिणायन को ऋतुओं के क्रम से जोड़ा गया है। छान्दोग्य और बृहदारण्यक उपनिषदों में उत्तरायण को- देवयान, ज्ञानमार्ग, प्रकाशमार्ग के रूप में वर्णित किया गया है। यहां सूर्य की गति को आत्मा की गति का रूपक बनाया गया है। गीता में भी उत्तरायण को देवयान मार्ग कहा गया है, जहां प्रकाश की दिशा में जाने वाले योगी मोक्ष को प्राप्त करते हैं। यह दर्शाता है कि उत्तरायण को- शुभ, उन्नत, और आध्यात्मिक रूप से अनुकूल समय माना जाता था। कृषि-चक्र में यह रबी फसलों की परिपक्वता का समय है। उत्तर भारत में यह संकरात, खिचड़ी, दक्षिण में पोंगल, गुजरात में उत्तरायण, पंजाब में लोहड़ी के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व सूर्य-ऊर्जा के पुनरुत्थान का प्रतीक है। यह समय आत्म-साक्षात्कार, ध्यान और संकल्प सिद्धि के लिए सर्वोत्तम माना गया है। मकर संक्रान्ति के पर्व पर दान, स्नान और जप करने का बहुत महत्व है-"मकर संक्रांतौ दानस्नानजपैः सहस्त्रगुणं फलम्"। इस दिन खिचड़ी, तिल, कम्बल और अन्न का दान किया जाता है। दान का अर्थ केवल वस्तु देना नहीं, बल्कि अपने भीतर के अहंकार का त्याग करना है। मकर संक्रान्ति के पर्व पर तिल और गुड़ का सेवन करने का भी महत्त्व है। सर्दियों के मौसम में तिल और गुड़ का मेल न केवल स्वादिष्ट होता है, अपितु यह आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान दोनों की दृष्टि से एक सर्वोत्तम भोजन है। इनके सेवन से होने वाले प्रमुख लाभ और उनके पीछे के वैज्ञानिक कारण भी बताए गए हैं। हड्डियों की मजबूती, तिल कैल्शियम का खजाना है और गुड़ इसमें मैग्नीशियम प्रदान करता है। तिल में दूध से भी ज्यादा कैल्शियम होता है। हड्डियों के घनत्व को बनाए रखने के लिए कैल्शियम और फास्फोरस की आवश्यकता होती है, जो इन दोनों के मिश्रण में प्रचुर मात्रा में मिलते हैं। यह ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं से बचाने में मदद करता है। गुड़ आयरन का प्राकृतिक स्रोत है, जबकि तिल में कॉपर और आयरन दोनों होते हैं। गुड़ शरीर में हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाता है।

तिल में मौजूद कॉपर आयरन के अवशोषण में मदद करता है, जिससे शरीर में नया खून बनता है और थकान या कमजोरी दूर होती है। इन दोनों की प्रकृति गर्म होती है, जो शरीर को आन्तरिक गर्माहट देती है। तिल में मौजूद जिंक और सेलेनियम जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स इम्यून सिस्टम को मजबूत करते हैं। गुड़ शरीर के श्वसन तन्त्र को साफ करने में मदद करता है, जिससे सर्दी-खांसी और संक्रमण का खतरा कम हो जाता है। गुड़ पाचन एंजाइमों को सक्रिय करता है, जिससे कब्ज की समस्या दूर होती है। तिल में मौजूद फाइबर आंतों की सफाई करने में सहायक होते हैं। तिल में 'सेसमिन' और 'सेसमोलिन' नामक तत्व पाए जाते हैं।

ये तत्व शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने और ब्लड प्रेशर को नियन्त्रित करने में मदद करते हैं। मकर संक्रान्ति महज पतंग उड़ाने या पकवान खाने का दिन नहीं है। यह सूर्य की भान्ति तेजस्वी बनने और गुड़ के समान मधुर वाणी बोलने का संकल्प है। यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि परिवर्तन सृष्टि का नियम है और जब हम प्रकृति के साथ लयबद्ध होते हैं तो हमारा जीवन आनन्द और आरोग्य से भर जाता है।

( लेखक प्रोफेसर एमडीयू रोहतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दीपस्तंभ

मुरारी गुप्ता



# भारतीय दर्शन से ही विश्व कल्याण संभव

विश्व के हर कोने में आज अशांति का वातावरण बना हुआ है। कई देश आपस में युद्ध में उलझे हुए हैं। कथित शक्तिशाली देश दूसरे कमजोर मुल्कों पर उनके संसाधनों के लालच में बलात कब्जा करने की मंशा पाले हुए हैं। अमेरिका और वेनेजुएला का प्रकरण पूरे विश्व के सामने है। दुर्भाग्य से पूरा विश्व, संयुक्त राष्ट्र संघ और तमाम बड़े अंतरराष्ट्रीय संगठन इस पर चुप हैं। ईरान में वहां की जनता 1979 की तथाकथित इस्लामिक क्रांति के विरुद्ध बिगुल बजाए हुए है और अपनी मूल पहचान पर गर्व कर रही है। सोशल मीडिया पर ईरानी महिलाएं अपनी पहचान को खुल कर स्वीकार कर रही हैं। उधर, बांग्लादेश में वहां का अल्पसंख्यक हिंदू समूह राजनीतिक संरक्षण प्राप्त चरमपंथियों का शिकार बन रहा है। तथाकथित अमन और शांति के पैरोकार इस वक्त खामोश हैं। पश्चिम की कथित लिबरल नीतियों ने संयुक्त अरब अमीरात के शासकों को भी भयभीत कर रखा है। वे अपने छात्रों को ब्रिटेन और यूरोप के विश्वविद्यालयों में अध्ययन के लिए भेजने से डरने लगे हैं कि कहीं उनके छात्र यूरोप के विश्वविद्यालयों में लिबरल नीतियों के कारण संरक्षण पा रही जेहादी मानसिकता के शिकार नहीं हो जाएं। आज की वैश्विक परिस्थितियां यह प्रश्न खड़ा करती हैं कि क्या केवल राजनीतिक क्रांतियां, सत्ता परिवर्तन या वैचारिक कट्टरता मानव समाज को स्थायी शांति और समानता की ओर ले जा सकती हैं। ईरान में इस्लामी शासन के विरुद्ध उठती आवाज़ें, महिलाओं के समान अधिकारों की मांग, धार्मिक कट्टरता के विरुद्ध असंतोष और सामाजिक स्वतंत्रता की आकांक्षा इस बात का प्रमाण हैं कि जब कोई विचारधारा मानव स्वभाव, विविधता और गरिमा के विपरीत जाती है, तो अंततः उसके विरुद्ध प्रतिक्रिया जन्म लेती है। ईरान की वर्तमान स्थिति केवल राजनीतिक असंतोष का परिणाम नहीं है, बल्कि यह एक गहरी सामाजिक और सांस्कृतिक बेचैनी को भी दर्शाती है। कट्टर धार्मिक व्याख्याओं के कारण व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर अंकुश, महिलाओं के अधिकारों पर प्रतिबंध, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दमन और आधुनिक जीवन मूल्यों के साथ टकराव, इन सबने समाज में असंतोष को जन्म दिया है। महिलाएं केवल वस्त्रों या बाहरी आचरण के प्रश्न पर नहीं, बल्कि अपने अस्तित्व, सम्मान और समान अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही हैं। यह संघर्ष इस बात को रेखांकित करता है कि कोई भी व्यवस्था, जो समानता और मानवीय गरिमा को नकारती है, लंबे समय तक स्थिर नहीं रह सकती। भारत का सनातन दर्शन मूलतः "अहं ब्रह्मास्मि" और "तत्वमसि" जैसे सूत्रों के माध्यम से प्रत्येक जीव में एक ही चेतना को देखता है। यहां स्त्री और पुरुष के बीच मौलिक स्तर पर कोई भेद नहीं, बल्कि दोनों को सृजन के पूरक रूप में स्वीकार किया गया है। वैदिक काल से लेकर उपनिषदों तक गार्गी, मैत्रेयी, लोपामुद्रा जैसी विदुषी स्त्रियां इस बात का प्रमाण हैं कि ज्ञान, संवाद और आध्यात्मिक विमर्श में स्त्रियों की भूमिका केंद्रीय रही है। इसके विपरीत जब किसी धर्म या विचारधारा की संकीर्ण व्याख्या स्त्री को द्वितीय श्रेणी में धकेल देती है, तो वह समाज को भीतर से कमजोर करती है। ईरान में चल रहा संघर्ष इसी असंतुलन का परिणाम है। कट्टरता मानव का मूल स्वभाव नहीं है। मानव का मूल स्वभाव सबका साथ और सबका विश्वास और सबका कल्याण है। आज पूरा यूरोप आतंकवाद से पीड़ित है। धार्मिक उग्रवाद और वैचारिक कट्टरता ने वहाँ की सामाजिक संरचना, सुरक्षा और सांस्कृतिक संतुलन को चुनौती दी है। दूसरी ओर अमेरिका की विदेश नीति पर अक्सर यह आरोप लगता रहा है कि वह दूसरे देशों पर प्रभुत्व या नियंत्रण स्थापित करने का प्रयास करता है, जिससे वैश्विक असंतुलन और संघर्ष बढ़ते हैं। इसके विपरीत भारत का इतिहास देखें तो भारत ने कभी भी विस्तारवादी आक्रमण की नीति नहीं अपनाई। योग, आयुर्वेद, बौद्ध दर्शन, उपनिषद, भगवद्गीता और संत परंपरा के माध्यम से भारत का दर्शन पूरे विश्व में फैला है। आज जब विश्व वैचारिक ध्रुवीकरण और संघर्ष के दौर से गुजर रहा है, तब भारत का सनातन दर्शन एक दीपस्तंभ की तरह मार्गदर्शन करता है। ईरान की सामाजिक उथल-पुथल, यूरोप की आतंकवाद से पीड़ा और अमेरिका की प्रभुत्ववादी नीतियों के बीच भारत यह स्मरण कराता है कि शांति का मार्ग हिंसा, कट्टरता या वर्चस्व में नहीं, बल्कि समानता, सहिष्णुता और विश्व बंधुत्व में है। "वसुधैव कुटुम्बकम्" केवल भारत की विरासत नहीं, बल्कि विश्व का भविष्य है। यदि मानवता को वास्तव में शांति और कल्याण की ओर बढ़ना है, तो उसे भारत के इसी सनातन दर्शन की ओर लौटना होगा, जहां सबका अस्तित्व सुरक्षित हो और सबका कल्याण सुनिश्चित हो।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# छोटे-छोटे संकल्प आत्मविश्वास बढ़ाते हैं




संकलित

दर्शन

जिस प्रकार किसी भी पूजा को प्रारंभ करने से पूर्व हाथ में जल लेकर संकल्प लिया जाता है उसी प्रकार किसी भी कार्य को करने के लिए उसे करने का संकल्प लिया जाता है। बगैर संकल्प हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं। संकल्प लेने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। संकल्प के पश्चात प्रयास प्रारंभ होते हैं। जब संकल्प दृढ़ होता है तो प्रयास को हिम्मत मिलती है, विजय की राह आसान हो जाती है। हमारी सफलता हमारे संकल्प पर निर्भर करती है। हम जितना भरोसा अपने संकल्प पर करेंगे उसी अनुपात में हमें सफलता प्राप्त होगी। यदि हमारा संकल्प विजय का है तो हमारी सफलता भी निश्चित है। संकल्प सकारात्मक ऊर्जा के रूप में सह प्रेरक का काम करता है। जीवन में छोटे-छोटे संकल्प लेते रहना चाहिए। जब हम छोटे-छोटे संकल्पों को पूर्ण करते हैं तो आत्मविश्वास और हमारी क्षमता में वृद्धि होती है। दृढ़ संकल्प में असीम शक्ति होती है, जो व्यक्ति को किसी भी प्रकार की बाधाओं से जूझने में सक्षम बनाती है। हालांकि, संकल्प लेकर उन्हें भूलना भी आम बात है। अक्सर हम देखते हैं कि नशे के आदी लोग रोज संकल्प लेते हैं कि वे अब आगे से नशा नहीं करेंगे, किंतु वे ऐसा नहीं कर पाते हैं, क्योंकि उनके संकल्प में दृढ़ता की कमी होती है। दृढ़ संकल्प शक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करने का मूल मंत्र है। जो संकल्प के साथ जीता है वह साधक होता है। कहते हैं कि एक सफल और असफल व्यक्ति के बीच में न तो योग्यता का अंतर होता है और न ही ज्ञान का, बल्कि अंतर है तो केवल दृढ़ संकल्प का और यही निर्णायक सिद्ध होता है।

# भगवान या भाग्य को दोष नहीं देना चाहिए



संकलित

प्रेरणा

एक बूढ़ी महिला गौतम बुद्ध के पास पहुंची। उस महिला की बुद्ध के लिए गहरी आस्था थी। दरअसल, उस महिला के बेटे की मृत्यु हो गई थी। महिला बहुत दुखी थी और उसने बुद्ध से कहा कि आप मेरे बच्चे को जीवित कर दीजिए। महिला को लग रहा था कि बुद्ध उसके बेटे का जीवन बचा सकते हैं। बुद्ध ने महिला की बात सुनी और कुछ देर सोचने के बाद उन्होंने कहा कि ठीक है, मैं ऐसा कर दूंगा, लेकिन तुम्हें किसी ऐसे घर से मुट्ठी भर सरसों के दाने लेकर आना है, जहां कभी किसी की मौत न हुई हो। जिस परिवार ने किसी की मृत्यु का दुख नहीं देखा है, वहां से सरसों ले आओ। महिला ने सोचा कि ये तो छोटा सा काम है। बूढ़ी महिला गांव की ओर चल दी और एक-एक घर में जाकर पूछने लगी। महिला जिस घर में जाती, वहां कहती कि अगर आपके घर में कभी किसी की मृत्यु न हुई हो तो एक मुट्ठी सरसों के दाने दे दीजिए। गांव के सभी लोगों का यही जवाब रहता था कि हमारे घर में मृत्यु तो हुई है। कुछ लोगों की बढ़ी उम्र में हुई है तो किसी की असमय हुई। जब सभी घरों से ऐसे ही उत्तर मिल रहे थे तो महिला समझ गई कि बुद्ध ने मुझे जरूर कुछ सोचकर ही भेजा है। जब वह लौटकर बुद्ध के पास पहुंची, तब तक वह जान चुकी थी कि एक दिन मौत सबको आनी है। उसका शोक लंबे समय तक नहीं मनाना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बेटियों की लोहड़ी भी जरूर मनाएं

भारत का प्रसिद्ध त्योहार लोहड़ी हमें बुराई और अनैतिक कामों की राह पर न जाने का संदेश देता है। लोहड़ी से जुड़ी एक कहानी यह भी है कि मुगल शासक अकबर के शासनकाल में पंजाब में दुल्ला भट्टी नाम का एक युवक था। इन्होंने लड़कियों की सुरक्षा के लिए काम किया था। पाकिस्तान में स्थित संदलबार क्षेत्र में लड़कियों की खरीद–फरोख्त उस वक्त होती थी। दुल्ला भट्टी ने इस घटिया कारोबार का भांडा फोड़ा था और लड़कियों की रक्षा की थी। दुल्ला भट्टी के इस महान काम के कारण इसे नायक की उपाधि भी दी गई। इसलिए लोहड़ी के दिन दुल्ला भट्टी को याद किया जाता है। बहरहाल, आज जरूरत इस बात की है कि संकीर्ण सोच छोड़कर बालिकाओं का सम्मान किया जाए।

*– सुरेश ठाकुर, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात बढ़ा



2025 में इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया, जिससे रोजगार सृजित हुए और विदेशी मुद्रा का प्रवाह बढ़ा। 2026 में भी यह गति जारी रहेगी क्योंकि चार सेमीकंडक्टर संयंत्र व्यावसायिक उत्पादन शुरू कर देंगे।

**- अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय सूचना मंत्री**

### सीएसपीओसी की मेजबानी



समृद्ध संसदीय लोकतंत्र का गौरवशाली प्रतीक भारत, 14 से 16 जनवरी 2026 तक राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन (सीएसपीओसी) की मेजबानी करने जा रहा है।

**- ओम बिरला, लोकसभा अध्यक्ष**

### ड्रेनेज व्यवस्था विकसित



दिल्ली में जलभराव की दशकों पुरानी समस्या को लेकर दिल्ली सरकार का काम सिर्फ बरसात के दिनों तक सीमित नहीं है। सालभर, लगातार और सिस्टम के साथ एक मजबूत ड्रेनेज व्यवस्था विकसित की जा रही है। इसी दिशा में 4 बड़े ट्रंक ड्रेनों का निर्माण युद्धस्तर पर चल रहा है।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### बजट पूर्व चर्चा




नारी शक्ति ही प्रदेश की प्रगति का आधार है। हमारी सरकार इसी विजन को विकास की धुरी बना रही है। इसी विजन को लेकर आज मुख्यमंत्री कार्यालय में आगामी बजट के संदर्भ में विभिन्न क्षेत्रों से आई महिला प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व चर्चा की।

**- भजनलाल, सीएम, राजस्थान**

## करंट अफेयर


# सिंगापुर में दुर्लभ हिमालयी गिद्ध को बचाया गया

सिंगापुर में एक राजमार्ग से 'जल्द ही संकटग्रस्त होने वाली' श्रेणी में शामिल एक दुर्लभ हिमालयी गिद्ध को बचाया गया है और उसे छोड़ने से पहले स्वस्थ अवस्था में लाया जा रहा है। यहां एक पशु कल्याण समूह ने यह जानकारी दी। एनिमल कंसर्न्स रिसर्च एंड एजुकेशन सोसाइटी (एसीआरईसी) ने 11 जनवरी को परेशान हालत में दिखे प्रवासी पक्षी को बचाया था। समूह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कलई वनन बालकृष्णन ने यह जानकारी दी। फिलहाल एसीआरईसी की पशु चिकित्सा टीम गिद्ध की देखभाल कर रही है। टीम ने गिद्ध के पूरी तरह स्वस्थ होने और फिर उसे जंगल में छोड़े जाने की उम्मीद जताई है। 'द स्ट्रेट्स टाइम्स' ने सोमवार को एक खबर में बालकृष्णन के हवाले से कहा, 'शरीर में पानी की कमी, कमजोरी और लंबी यात्रा के कारण थकान जैसी शुरुआती स्वास्थ्य समस्याएं गिद्ध में दिख रही हैं।' उन्होंने कहा कि 11 जनवरी की दोपहर को एक व्यक्ति ने एसीआरईसी को गिद्ध के बारे में जानकारी दी थी, जिसके बाद तीन सदस्यीय बचाव टीम ने राजमार्ग पर घूम रहे गिद्ध को सुरक्षित पकड़ लिया। इससे पहले वह एक नहर में अटका हुआ था। हिमालय के ऊंचाई वाले इलाकों में आम तौर पर पाए जाने वाले हिमालयी गिद्ध सिंगापुर में बहुत कम देखे जाते हैं।



## ऑफ बीट

# बुढ़ापे में दिमाग दुरुस्त रखने में जैविक घड़ी की अहम भूमिका



मानव शरीर में मौजूद 24 घंटे की जैविक घड़ी चुपचाप यह समन्वय करती है कि हम कब सोते हैं, जागते हैं, खाते हैं और आराम करते हैं। यह आंतरिक समय प्रबंधन प्रणाली अंगों और हार्मोन को तालमेल बैठाकर काम करने में मदद करती है। हालांकि, जब जैविक घड़ी अव्यवस्थित हो जाती है, तो इसके प्रभाव खराब गुणवत्ता वाली नींद से कहीं अधिक व्यापक हो सकते हैं और ढलती उम्र में दिमागी सेहत में गिरावट का कारण भी बन सकते हैं। बुजुर्गों पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि जिन लोगों की जैविक घड़ी अधिक व्यवस्थित होती है, उनके डिमेंशिया की चपेट में आने का जोखिम लगभग 50 फीसदी तक घट जाता है। जैविक घड़ी सोने का समय, हार्मोन का उत्पादन, हृदयगति और शरीर का तापमान सहित कई अन्य दैनिक शारीरिक प्रक्रियाओं को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाती है। व्यवस्थित जैविक घड़ी को अक्सर नींद की खराब गुणवत्ता से जोड़ा जाता है। विभिन्न अध्ययनों में खराब गुणवत्ता वाली नींद का डिमेंशिया और दिल की बीमारियों के बढ़ते जोखिम से सीधा संबंध पाया गया है। साल 2025 में किए गए अध्ययन में प्रतिभागियों की दिल की सेहत और रक्तचाप का भी विश्लेषण किया गया, जो अन्य कारकों के साथ–साथ नींद की गुणवत्ता पर निर्भर करते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# हरमनप्रीत कौर की नाबाद पारी के दम पर मुंबई इंडियंस ने गुजरात जाइंट्स को हराया

भाषा ▶▶| नवी मुंबई



भारत की विश्व कप विजेता कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाबाद 71 रन की मदद से मुंबई इंडियंस ने महिला प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को गुजरात जाइंट्स को सात विकेट से हराया। यह गुजरात जाइंट्स की टूर्नामेंट में पहली हार थी। इससे पहले निचले क्रम पर भारती फुलमाली और जॉर्जिया वेयरहैम की आक्रामक पारियों के दम पर गुजरात जाइंट्स ने पांच विकेट पर 192 रन बनाये थे। जीत के लिये कठिन लक्ष्य का पीछा करते हुए हरमनप्रीत ने 33 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जो टूर्नामेंट में उनका दसवां अर्धशतक था। इसके साथ ही उन्होंने डब्ल्यूपीएल में एक हजार रन भी पूरे कर लिये। वह 43 गेंद में सात चौकों और दो छक्कों की मदद से 71 रन बनाकर नाबाद रही और मुंबई ने चार गेंद बाकी रहते जीत दर्ज की। मुंबई के दो विकेट पावरप्ले के भीतर ही 37 रन पर गिर गए थे। इसके बाद हरमनप्रीत ने अमनजोत कौर (26 गेंद में 40 रन) के साथ 44 गेंद में 72 रन की साझेदारी की। अमनजोत के आउट होने के बाद निकोला कैरी ने कप्तान का साथ निभाते हुए 22 गेंद में नाबाद 37 रन बनाये जिसमें छह चौके शामिल थे। दोनों ने 43 गेंद में 84 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को जीत दिलाई। इससे पहले गुजरात की पारी में वेयरहैम 33 गेंद में चार चौकों और एक छक्के की मदद से 43 रन बनाकर नाबाद रही। वहीं फुलमाली ने 15 गेंद में नाबाद 36 रन बनाये जिसमें तीन छक्के और तीन चौके शामिल थे। आयुषी सोनी के रिटायर्ड आउट होने के बाद वह बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आई थीं।

## वनडे सीरीज पर कब्जे के लक्ष्य के साथ न्यूजीलैंड से भिड़ेगी टीम इंडिया

**राजकोट।** विराट कोहली की शानदार फॉर्म ने भारत की कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों को लेकर बढ़ती चिंताओं को कुछ हद तक कम कर दिया है और वह न्यूजीलैंड के खिलाफ 14 जनवरी को होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत हासिल करके तीन मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगा। भारत ने वडोदरा में खेले गए पहले मैच में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया था। वाशिंगटन सुंदर उस मैच में चोटिल हो गए थे और वह वनडे श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। चयनकर्ताओं ने दिल्ली के आयुष बडोनी को टीम में शामिल किया है, लेकिन भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर की ऑलराउंडर को प्राथमिकता देने की रणनीति को देखते हुए नीतीश कुमार रेड्डी के रूप में एक और ऑलराउंडर को अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है। ऋषभ पंत पहले वनडे से पूर्व चोटिल होने के कारण श्रृंखला से बाहर हो गए थे। चयनकर्ताओं ने उनकी जगह ध्रुव जुरेल को टीम में शामिल करने का फैसला किया, जो टीम प्रबंधन के लिए विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में एक और विकल्प हो सकते हैं।

संन्यास की घोषणा

# एक युग का अंत, भारत सीरीज के बाद एलिसा छोड़ेंगीं बल्ला



एजेंसी ▶▶| सिडनी

ऑस्ट्रेलिया की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटरों में से एक एलिसा हीली मार्च में भारत के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगी। यह 35 वर्षीय खिलाड़ी भारत के खिलाफ पर्थ में होने वाली तीन वनडे और एकमात्र महिला टेस्ट मैच की श्रृंखला में आखिरी बार ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगी। हीली भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला में नहीं खेलेंगी क्योंकि वह इस साल ब्रिटेन में होने वाले टी20 विश्व कप में हिस्सा नहीं लेगी।

### प्रतिस्पर्धात्मक भावना हुई कम

महिला क्रिकेट की सबसे विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक हीली ने बयान में कहा, 'भारत के खिलाफ आगामी श्रृंखला ऑस्ट्रेलिया के लिए मेरी आखिरी श्रृंखला होगी। ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने का मेरा जुनून अभी भी बरकरार है, लेकिन मेरे अंदर वह प्रतिस्पर्धात्मक भावना कुछ हद तक कम हो गई है, जिसने मुझे शुरुआत से ही प्रेरित किया है, इसलिए यह संन्यास लेने का सही समय लगता है।' उन्होंने कहा, 'यह जानते हुए कि मैं इस साल टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाऊंगी और टीम के पास तैयारी के लिए सीमित समय है, मैं भारत के खिलाफ टी20 मैचों का हिस्सा नहीं रहूंगी। लेकिन मुझे घरेलू मैदान पर अपना करियर समाप्त करने और भारत के खिलाफ वनडे और टेस्ट टीम की कप्तानी का अवसर मिलने से बहुत खुशी है।

## खबर संक्षेप



### राओनिच ने छोड़ा कोर्ट टेनिस से लिया संन्यास

**ओटावा।** विंबलडन के पूर्व फाइनलिस्ट मिलोस राओनिच ने टेनिस से संन्यास ले लिया है। राओनिच 2016 में विंबलडन में ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाले कनाडा के पहले पुरुष खिलाड़ी बने थे। उन्होंने सेमीफाइनल में रोजर फेडरर को 6-3, 6-7, 4-6, 7-5, 6-3 से हराया था लेकिन फाइनल में एंडी मरे से हार गए थे।
उस वर्ष उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में भी जगह बनाई थी। वह उस वर्ष अपनी करियर की सर्वोच्च रैंकिंग तीन पर भी पहुंचे थे।

### नॉर्वे शतरंज प्रतियोगिता में खेलेंगे कार्लसन

**नई दिल्ली।** शतरंज के दिग्गज मैग्नस कार्लसन ने आगामी नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में अपनी भागीदारी को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए कहा है कि वह इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जो इस बार स्टावेंजर की जगह ओस्लो में खेली जाएगी। कार्लसन पिछले 13 वर्षों में अपनी घरेलू धरती पर होने वाले टूर्नामेंट में हमेशा खेलते रहे हैं लेकिन हाल में उन्होंने क्लासिकल शतरंज से दूरी बढ़ाने का फैसला किया था, जिससे उनका इस प्रतियोगिता में भाग लेने को लेकर संदेह पैदा हो गया था।

### ब्लिचफेल्ट ने नये आयोजन स्थल की आलोचना की, बीएआई ने किया खंडन

**नई दिल्ली।** डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट ने इंडिया ओपन के नये आयोजन स्थल आईजी स्टेडियम में खेलने के हालात की आलोचना करते हुए कहा कि हॉल बदलने से खिलाड़ियों के लिये अस्वास्थ्यकर हालात में सुधार नहीं आया है हालांकि भारतीय बैडमिंटन संघ ने इसका खंडन किया है। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने अगस्त में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप को ध्यान में रखकर इस साल इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट केडी जाधव हॉल की बजाय इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में कराया है।

विजय हजारे ट्रॉफी : पंजाब के 4 बल्लेबाजों ने जड़े अर्धशतक, मध्यप्रदेश टीम 162 रन पर सिमटी

# पंजाब ने बनाया 345 का विशाल स्कोर, मप्र को 183 रन से हराया, सेमीफाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

अपने बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर पंजाब ने मध्यप्रदेश को 183 रन से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर पंजाब ने कप्तान प्रभसिमरन सिंह के 86 गेंद में 88 रन, अनमोलप्रीत सिंह के 62 गेंद में 70, नेहाल वढेरा के 38 गेंद में 56 और हरनूर सिंह के 71 गेंद में 51 रन की मदद से छह विकेट पर 345 रन बनाए। रमनदीप सिंह ने 15 गेंद में 24 रन बनाए। मध्यप्रदेश के लिए त्रिपुरेश सिंह और कप्तान वेंकटेश अय्यर ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में मध्यप्रदेश की टीम 31.2 ओवर में 162 रन पर आउट हो गई।



### प्रभसिमरन और हरनूर ने जोड़े 166 रन

पहले गेंदबाजी का अय्यर का फैसला सफल नहीं रहा और पंजाब को शानदार शुरुआत देते हुए प्रभसिमरन और हरनूर ने पहले विकेट के लिए 21 ओवर में 166 रन जोड़े। आर्यन पांडे नू 22वें ओवर में हरनूर को आउट करके मध्यप्रदेश को पहली सफलता दिलाई। लेकिन इसके बाद अनमोलप्रीत ने आकर तेजी से रन बनाना जारी रखा। प्रभसिमरन हालांकि शतक से चूक गए और कुलदीप सेन की गेंद पर 30वें ओवर में सारांश जैन को कैच दे बैठे। नमन धीर भी 23 रन बनाकर आउट हो गए और एस समय पंजाब का स्कोर तीन विकेट पर 199 रन था। वढेरा ने चौथे विकेट के लिए अनमोलप्रीत के साथ 76 रन की ताबड़तोड़ साझेदारी की।

### मध्यप्रदेश की शुरुआत खराब

जवाब में मध्यप्रदेश की शुरुआत खराब रही और 17वें ओवर में उसके पांच विकेट 66 रन पर गिर गए थे। रजत पाटीदार 40 गेंद में 38 रन बनाकर आउट हुए तब स्कोर सात विकेट पर 132 रन था। पाटीदार के अलावा त्रिपुरेश सिंह ने 31 रन बनाए। पंजाब के लिए सनवीर सिंह ने छह ओवर में 31 रन देकर तीन विकेट लिए।

### क्वार्टर फाइनल में विदर्भ ने दिल्ली को 76 रन से हराया

पिछले सत्र के उपविजेता विदर्भ ने अनुशासित और ऑलराउंड खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए दिल्ली को 76 रन से हराकर विजय हजारे एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विदर्भ सेमीफाइनल में कर्नाटक का सामना करेगा। पिछले सत्र में इन दोनों टीमों के बीच फाइनल खेला गया था। सौराष्ट्र शुक्रवार को होने वाले एक अन्य सेमीफाइनल में पंजाब का सामना करेगा।

### विदर्भ ने बनाए 300/9 रन

विदर्भ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 300 रन का चुनौती पूर्ण स्कोर बनाया। उसकी तरफ से यश राठौड़ ने 86 और सलामी बल्लेबाज अथर्व तायडे ने 62 रन का योगदान दिया। इसके जवाब में दिल्ली की टीम 45.1 ओवर में 224 रन पर आउट हो गई। विदर्भ की तरफ से तेज गेंदबाज नचिकेत भूटे ने 7.1 ओवर में 51 रन देकर चार विकेट लिए। बाएं हाथ के स्पिनर और कप्तान हर्ष दुबे ने भी नौ ओवरों में 36 रन देकर तीन विकेट लेकर प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जबकि नई गेंद के गेंदबाज प्रफुल हिंगे ने 54 रन देकर दो विकेट लेकर उपयोगी योगदान दिया।

### रावत ने दिल्ली के लिए किया संघर्ष

विकेटकीपर बल्लेबाज अनुज रावत ने दिल्ली के लिए अकेले संघर्ष करते हुए 98 गेंदों पर 66 रन बनाए, लेकिन यह टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाने के लिए पर्याप्त नहीं था। छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए रावत ने शीर्ष और मध्य क्रम के लड़खड़ाने के बाद पारी को संभालने की कोशिश की और मयंक गुसांई (18), हर्ष त्यागी (27) और ऋतिक शोकीन (21) के साथ उपयोगी रन जोड़े।

## सीए कटप्पा फिर भारतीय पुरूष मुक्केबाजी टीम के मुख्य कोच बने

**नई दिल्ली।** द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त सी ए कटप्पा की तीसरी बार भारतीय पुरूष मुक्केबाजी टीम के कोच के तौर पर वापसी हो रही है। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। वह भारतीय खेल प्राधिकरण रोहतक के कोच धरमेंद्र यादव की जगह लेंगे जिनकी पिछले साल नियुक्ति हुई थी। यादव पुरूष कोचिंग ढांचे का हिस्सा बने रहेंगे। बीएफआई के कार्यकारी निदेशक कर्नल अरूण मलिक ने पीटीआई से कहा ,'' सीए कटप्पा को कोच बनाया गया है और धर्मेंद्र यादव कोचिंग स्टाफ का हिस्सा रहेंगे।' पिछले कुछ समय से भारतीय पुरूष मुक्केबाजों के खराब प्रदर्शन के कारण यह फैसला लिया गया है। पेरिस ओलंपिक 2024 में सिर्फ दो पुरूष मुक्केबाज जगह बना सके और लिवरपूल में 2025 विश्व चैम्पियनशिप में भारत का कोई भी पुरूष मुक्केबाज 12 साल में पहली बार एक भी पदक नहीं जीत सका। कटप्पा तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में भारतीय पुरूष मुक्केबाजी टीम के मुख्य कोच रह चुके हैं। वह भारत के राष्ट्रीय मुक्केबाजी सहयोगी स्टाफ का हिस्सा थे जब 2008 बीजिंग ओलंपिक में विजेंदर सिंह ने इस खेल में देश को पहला ओलंपिक पदक दिलाया था।



एसए20

## प्रिटोरिया कैपिटल्स ने मुंबई केपटाउन को दी शिकस्त

### रदरफोर्ड ने खेली विस्फोटक पारी

एजेंसी ▶▶| सेंचुरियन



साउथ अफ्रीका टी20 लीग में प्रिटोरिया कैपिटल्स और मुंबई केपटाउन के बीच सुपरस्पोर्ट पार्क क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में शेरफेन रदरफोर्ड की विस्फोटक शतकीय पारी की बदौलत प्रिटोरिया कैपिटल्स ने 53 रन से जीत दर्ज की। प्रिटोरिया कैपिटल्स ने टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 185 रन बनाए थे। प्रिटोरिया को शुरुआत अच्छी नहीं मिली थी और सलामी बल्लेबाज शाई होप मात्र 7 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद आने वाले बल्लेबाजों ने छोटी-छोटी पारियां खेलते हुए और अहम साझेदारियां करते हुए स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया।

## होबार्ट में पहले दौर से बाहर हुईं वीनस



**होबार्ट।** वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियाई ओपन को शुरू होने में अब जबकि एक सप्ताह से भी कम समय बचा है तब 45 वर्षीय वीनस विलियम्स फॉर्म हासिल करने के लिए जूझ रही है। वीनस होबार्ट इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में तात्याना मारिया से 6-4, 6-3 से हार गईं। वीनस को साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिए वाइल्डकार्ड से प्रवेश दिया गया है। उन्हें होबार्ट में खेलने के लिए भी वाइल्डकार्ड मिला था, जहां वह लगभग डेढ़ घंटे तक चले मैच में छठी वरीयता प्राप्त मारिया से हार गईं। विश्व रैंकिंग में 576वें स्थान पर काबिज सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस पिछले सप्ताह न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में भी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई थीं। ऑस्ट्रेलियाई ओपन रविवार से शुरू होगा। होबार्ट में पहले दौर के एक अन्य मुकाबले में दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन बारबोरा क्रेज्सिकोवा को पेटन स्टर्न्स से 6-4, 1-6, 7-6 (4) से हार का सामना करना पड़ा।

# लक्ष्य ने आयुष को 36 मिनट में हराया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- इंडिया ओपन : लक्ष्य अगले दौर में जापान के कंता निशिमोतो से भिड़ेंगे

स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने हमवतन आयुष शेट्टी को सीधे गेम में हराकर योनेक्स सनराइज इंडिया ओपन 2026 सुपर 750 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। वर्ष 2022 के चैंपियन लक्ष्य ने आईजी स्टेडियम में खेले जा रहे इस 9,50,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट के पहले दौर में आयुष को सिर्फ 36 मिनट में 21-12, 21-15 से हराया। आयुष पहली बार इंडिया ओपन में खेल रहे थे। चौबीस साल के लक्ष्य अगले दौर में जापान के केंता निशिमोतो से भिड़ेंगे, जिन्होंने 21-6, 7-5 के स्कोर पर अपने सातवें वरीय हमवतन प्रतिद्वंद्वी कोडाई नारोका के मुकाबले से हटने पर दूसरे दौर में प्रवेश किया।



### लक्ष्य ने दिखाया बेहतर खेल

लक्ष्य ने बेहतर खेल दिखाया और परिस्थितियों से बेहतर ढंग से सामंजस्य बैठाने में सफल रहे। आयुष ने कुछ मौकों पर अच्छी टक्कर दी लेकिन लक्ष्य का बड़े मुकाबलों में खेलने का अनुभव उनके काम आया। लक्ष्य ने अपने अनुभव का पूरा फायदा उठाते हुए 20 साल के आयुष को पहले गेम में कोई मौका नहीं दिया।

### दूसरे दौर में लेई - वरदानी

कनाडा के विक्टर लेई ने तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में जीत दर्ज करते हुए योनेक्स सनराइज इंडिया ओपन 2026 सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई जबकि उनके हमवतन ब्रायन यांग ने उलटफेर करते हुए चौथे वरीय चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन को सीधे गेम में हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

### त्रीसा-गायत्री की जोड़ी ने मारी दूसरे दौर में एंट्री

त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारत की शीर्ष महिला युगल जोड़ी ने सीधे गेम में जीत के साथ इंडिया ओपन 2026 सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। त्रीसा और गायत्री की जोड़ी ने ओर्निचा जोंगसथापोनपार्न और सुकिता सुवाचाई की थाईलैंड की जोड़ी को 42 मिनट में 21-15, 21-11 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। त्रीसा और गायत्री ने पूरे मैच के दौरान दमदार खेल दिखाया।

92वीं एसबीए राष्ट्रीय बिलियड्र्स एवं स्नूकर चैम्पियनशिप में दोनों ने जीते खिताब

# अनुपमा नेशनल बिलियड्र्स और कामानी बनी नेशनल स्नूकर चैम्पियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर की एचएल सिटी में आयोजित शाइनिंग स्टार बैडमिंटन अकादमी में आयोजित 92वीं एसबीए राष्ट्रीय बिलियड्र्स एवं स्नूकर चैम्पियनशिप में मध्य प्रदेश की एमी कामानी ने महिला राष्ट्रीय स्नूकर चैंपियन का खिताब जीता। जबकि तमिलनाडु की अनुपमा रामाचंद्रन ने महिला राष्ट्रीय बिलियड्र्स चैंपियन का ख़िताब अपने नाम किया। भारत की शीर्ष क्यूइस्ट्स के बीच स्नूकर और बिलियड्र्स दोनों श्रेणियों में रोमांचक प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। पहले सेमीफाइनल में वर्तमान स्नूकर विश्व चैम्पियन अनुपमा रामचंद्रन (तमिलनाडु) ने इशिका शाह (मध्य प्रदेश) के खिलाफ आक्रामक अंदाज में खेल शुरू किया। उन्होंने पहला फ्रेम एकतरफा जीतकर अपने नाम किया और दूसरे फ्रेम में 95 का शानदार ब्रेक लगाते हुए लगभग शतक पूरा करने से चूक गईं, क्योंकि अंतिम काली गेंद छूट गई।





अनुपमा रामाचंद्रन तथा एमी कामानी

### महिलाः अनुपमा रामचन्द्रन ने पूर्व विश्व चैम्पियन आर उमा को हराया

महिला बिलियड्र्स सेमीफाइनल में अनुपमा रामचन्द्रन (तमिलनाडु) ने अनुभवी एवं पूर्व विश्व चैम्पियन आर उमादेवी (कर्नाटक) को 1 घंटे के निर्धारित समय प्रारूप में 134–101 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में अमी कामानी (मध्य प्रदेश) ने एल श्रुति (तमिलनाडु) को कड़े मुकाबले में 160–146 से हराते हुए स्नूकर फाइनल की पुनरावृत्ति की। फाइनल में अनुपमा ने तेज शुरुआत करते हुए 150–0 की भारी बढ़त बना ली। अमी ने 30 और 35 के दो मिनी-ब्रेक लगाकर अंतर को घटाते हुए 90 अंकों तक पहुँचाया। जब मुकाबला रोमांचक मोड़ की ओर बढ़ता दिखा, अनुपमा ने 29 अंकों का महत्वपूर्ण ब्रेक लगाया और बढ़त फिर मजबूत कर ली। अंतिम 2 मिनट शेष रहते अमी ने संघर्ष तो किया, पर समय समाप्त हो गया और अनुपमा ने राष्ट्रीय महिला बिलियड्र्स खिताब 192–112 से जीतकर अपने नाम किया।

### पुरुषः विजय निचानी ने तौफीक अली को हराया

वहीं पुरुषों की बात करें तो मंगलवार को विजय निचानी (तमिलनाडु) ने तौफीक अली (मेघालय) को 3–0 से हराया। मनन चंद्रा (पीएसपीबी) ने रोहित शर्मा (राजस्थान) को 3–0 से हराया। सुब्रत दास (ओडिशा) ने अनिश परिख (झारखंड) को 3–2 से हराया। निसर्ग पटेल (गुजरात) ने आरव संचेती (महाराष्ट्र) को 3–2 से हराया। एस श्रीकृष्ण (**PSPB**) ने मुश्ताक खान (**RSPB**) को 3–2 से हराया। पंकज आडवाणी (पीएसपीबी) ने आदित्य शांडिल्य (महाराष्ट्र) को 3–1 से हराया। सौरव कोठारी (पीएसपीबी) ने रुशभ जैन (महाराष्ट्र) को 3–0 से हराया। दिव्या शर्मा (हरियाणा) ने दिलिप कुमार (आरएसपीबी) को 3–0 से हराया। आदित्य मेहता (पीएसपीबी) ने अभिषेक आहुजा (दिल्ली) को 3–0 से हराया। दिग्विजय कादियान (हरियाणा) ने ओवैस कमरान (राजस्थान) को 3–2 से हराया। अनमोलदीप सिंह (पंजाब) ने अभिषेक बाच्छेती (उत्तराखंड) को 3–0 से हराया।

उत्तर रेलवे
ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/एफ.एस., उत्तर रेलवे, अंबाला मंडल आईआरईपीएस वेबसाइट पर ई नीलामी लीजिंग के माध्यम से अंबाला मंडल के अंतर्गत विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में ब्रेक के एस.एल.आर./ एस.एल.आर.डी. डिब्बों में पार्सल स्पेस (4/3.9 टन) के लीज अनुबंध हेतु निविदाएँ आमंत्रित करते हैं।, निम्नलिखित विवरणानुसार, निविदा आमंत्रित की जाती हैं

| क्र. | नीलामी केटलाग सं. | नीलामी शुरू होने की दिनांक एवं समय | नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | UMB-SLR-02-2026 (06 लॉट) | 27.01.2026/12:00 | 27.01.2026/13:20 |

| क्र.सं. | ट्रेन संख्या | से–तक | कम्पार्टमेंट |
|---|---|---|---|
| 1 | 12232 | CDG-LKO | FSLR-I |
| 2 | 12232 | CDG-LKO | RSLR-I |
| 3 | 19308 | UHL-INDB | FSLR-I |
| 4 | 22456 | KLK-SNSI | FSLR-I |
| 5 | 12326 | NLDM-KOAA | FSLR-I |
| 6 | 22356 | CDG-PPTA | FSLR-I |

ई–नीलामी में भाग लेने या ई–नीलामी प्रक्रिया से संबंधित किसी भी अन्य जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को www.ireps.gov.in वेबसाइट पर जाने की सलाह दी जाती है।

वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंध–एफ एस
उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी

136/26
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28




## खबर संक्षेप

### ब्रिक्स के लिए लोगो और वेबसाइट लॉन्च

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत की अध्यक्षता में 2026 में ब्रिक्स का मंच कमल से सजने से जा रहा है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने ब्रिक्स 2026 के लिए आधिकारिक लोगो और वेबसाइट लॉन्च की है। इस लोगो में मौजूद कमल सबका ध्यान अपनी ओर खींच रहा है। लॉन्च के बाद विदेश मंत्री ने कहा है कि भारत की अध्यक्षता के दौरान ब्रिक्स समूह के जरिए वैश्विक कल्याण को आगे बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा, खासकर ऐसे समय में जब समूह अपनी 20वीं वर्षगांठ मना रहा है। दुनिया की पांच बड़ी अर्थव्यवस्थाएं ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका ब्रिक्स समूह की अगुवाई करती हैं।

### बांग्लादेश ने म्यांमार के राजदूत को तलब किया

**ढाका।** बांग्लादेश-म्यांमार सीमा पर रखाइन राज्य में म्यांमार की सेना, आराकान आर्मी और रोहिंग्या सशस्त्र समूहों के बीच चल रहे संघर्ष के असर से सीमा पार गोलीबारी और लैंडमाइन विस्फोट बढ़ गए हैं। टेकनाफ के व्हाईकोंग यूनियन के पास हुई गोलीबारी में एक 12 वर्षीय बांग्लादेशी लड़की को गंभीर चोट लगी, जिसके बाद बांग्लादेश सरकार ने सख्त कदम उठाया। विदेश मंत्रालय ने म्यांमार के राजदूत को समन कर कड़ी आपत्ति दर्ज की और भविष्य में ऐसी हरकतों को रोकने की जिम्मेदारी ली जाने की मांग की।

अमेरिका में ग्रीनलैंड पर कब्जे का बिल पेश

# 51वां राज्य बनाने का कानूनी अधिकार मिलेगा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी सांसद रैंडी फाइन ने सोमवार को 'ग्रीनलैंड एनेक्सेशन एंड स्टेटहुड एक्ट' नाम से एक बिल पेश किया है। इस बिल का मकसद अमेरिकी सरकार को ग्रीनलैंड को अपने कब्जे में लेने और बाद में इसे अमेरिका का राज्य बनाने के लिए कानूनी अधिकार देना है।

सांसद रैंडी फाइन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके इस बिल की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह कदम रूस-चीन के प्रभाव को रोकने के लिए बहुत जरूरी है। इसके बाद संसद को राज्य बनने के लिए जरूरी सुधारों की पूरी रिपोर्ट सौंपी जाएगी। अगर ये बिल पास हुआ तो अमेरिका को ग्रीनलैंड को 51वां राज्य बनाने का अधिकार मिल जाएगा। हालांकि, यह बिल अभी सिर्फ पेश हुआ है इसे हाउस और सीनेट दोनों में पास होना है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह बहुत मुश्किल से पास होगा, क्योंकि यह अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ है।

### ग्रीनलैंड अमेरिकी रक्षा के लिए जरूरी: ट्रंप

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। उन्होंने जोर देते हुए कहा है कि ग्रीनलैंड अमेरिकी रक्षा के लिए जरूरी है। अगर अमेरिका ने ऐसा नहीं किया तो रूस और चीन जैसे देश इस पर कब्जा कर लेंगे। उन्होंने हाल ही में कहा था कि अमेरिका को ग्रीनलैंड की जरूरत है और वे इस दिशा में कदम उठा रहे हैं, चाहे दूसरे देश इसे पसंद करें या नहीं। उन्होंने कहा कि अमेरिका अगर ग्रीनलैंड को आसान तरीके से हासिल नहीं कर पाया, तो दूसरे सख्त तरीके अपनाने होंगे। हम ग्रीनलैंड के मुद्दे पर कुछ न कुछ करेंगे, चाहे उन्हें पसंद हो या न हो। मैं चाहता हूं कि सौदा आसान तरीके से हो जाए ट्रंप प्रशासन ने ग्रीनलैंड के लोगों को अमेरिका में शामिल होने के लिए पैसे देने जैसे तरीकों पर भी चर्चा की है। डेनमार्क और ग्रीनलैंड के अधिकारियों ने ट्रंप के इस तरीके की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने इसे अपमानजनक बताया।

### हमारा देश बिकने वाला नहीं: नीलसन



ग्रीनलैंड के पीएम जेंस-फ्रेडरिक नीलसन ने कहा है कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति ग्रीनलैंड को वेनेजुएला से जोड़कर सैन्य हस्तक्षेप की बात करते हैं, तो यह न केवल गलत है बल्कि हमारे लोगों के प्रति अनादर है। नीलसन ने बयान जारी कर कहा है कि मैं शुरू से ही शांत और स्पष्ट रूप से यह कहना चाहता हूं कि घबराहट या चिंता का कोई कारण नहीं है। बता दें, ग्रीनलैंड दुनिया का सबसे बड़ा द्वीप है और फिलहाल यह डेनमार्क का स्वशासित क्षेत्र है। डेनमार्क नाटो का सदस्य और अमेरिका का सहयोगी देश है। यही वजह है कि अमेरिका द्वारा ग्रीनलैंड पर कब्जे की बात के बाद से डेनमार्क नाराज है और उसने धमकी दी।

ईरान में संकट गहराया, कई शहरों में हिंसक प्रदर्शन जारी

देशव्यापी प्रदर्शनों में अब तक हजारों की गिरफ्तारी

# ईरान ने ट्रंप की चुनौती स्वीकार की साफ कहा- हम युद्ध के लिए तैयार

ईरानी अधिकारियों ने सख्त कार्रवाई के दौरान हुई मौतों की इतनी बड़ी संख्या को सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है। अधिकारी ने दावा किया कि जिन लोगों की मौत हुई है, उनके लिए तथाकथित आतंकवादी जिम्मेदार हैं। अधिकारी के अनुसार इन घटनाओं में प्रदर्शनकारियों के साथ-साथ सुरक्षा कर्मियों की भी जान गई है

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान में पिछले दो हफ्तों से देशव्यापी विरोध प्रदर्शन जारी हैं। प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों की मौतौं हुई हैं। मंगलवार को पहला मौका है जब ईरानी अधिकारियों ने सख्त कार्रवाई के दौरान हुई मौतों की इतनी बड़ी संख्या को सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है। अधिकारी ने दावा किया कि जिन लोगों की मौत हुई है, उनके लिए तथाकथित आतंकवादी जिम्मेदार हैं। अधिकारी के अनुसार इन घटनाओं में प्रदर्शनकारियों के साथ-साथ सुरक्षा कर्मियों की भी जान गई है। उधर, अमेरिका ने कई बार चेतावनी दी है कि अगर प्रदर्शनकारियों पर दमन जारी रहा तो मजबूत सैन्य हमले के लिए ईरान तैयार रहे। ईरान ने ट्रंप की चुनौती को स्वीकार करते हुए कहा कि वह हर तरह से युद्ध के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ईरान पर बहुत मजबूत सैन्य हमले पर विचार कर रहा है। तेहरान को प्रदर्शनकारियों पर दमन न करने की चेतावनी की अनदेखी करना बहुत महंगा पड़ेगा। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि ईरान निष्पक्ष बातचीत के लिए भी तैयार है। लेकिन वह युद्ध के लिए भी हर तरह से तैयार है। ईरान ने ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस और इटली के राजदूतों को तलब किया है।

ट्रंप की पहली पसंद कूटनीति अन्य विकल्प खुले




ईरान में विरोध प्रदर्शन

### ईरान में इंटरनेट बैन जारी

*ईरानी सरकार ने अंतरराष्ट्रीय कॉल्स पर लगा प्रतिबंध हटा दिया है। हालांकि इंटरनेट पर अभी भी पूरी तरह से प्रतिबंध लगा हुआ है। बता दें, ईरान में 7 जनवरी के बाद हालात अचानक बदल गए और विरोध प्रदर्शन तेज हो गए। ईरान प्रशासन ने 9 जनवरी को इंटरनेट और टेलीफोन सेना पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी। ईरानी सरकार ने इंटरनेट की पहुंच को पूरी तरह से बंद करने की कोशिश की है।*

ट्रंप का ऐलान

### देना होगा 25 प्रतिशत टैरिफ



*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ व्यापार करने वाले किसी भी देश को तत्काल प्रभाव से अमेरिका के साथ किए जाने वाले सभी प्रकार के व्यापार पर 25 प्रतिशत का टैरिफ देना होगा। ट्रंप ने अपने आदेश को अंतिम और निर्णायक बताया।*

व्हाइट हाउस प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट बोलीं

### हवाई हमले के विकल्प खुले

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप हमेशा सभी विकल्प खुले रखते हैं। कूटनीति उनकी पहली पसंद है, लेकिन जरूरत पड़ने पर सैन्य कार्रवाई, यहां तक कि हवाई हमले भी विकल्पों में शामिल हैं। ईरानी शासन सार्वजनिक मंचों पर जो बयान दे रहा है, वह उन निजी संदेशों से अलग है, जो अमेरिकी प्रशासन को अंदरूनी चैनलों से मिल रहे हैं।

### तुरंत छोड़ दें ईरान

*ईरान में अमेरिकी वर्चुअल दूतावास की ओर से जारी सलाह में अमेरिकी नागरिकों को तुरंत ईरान छोड़ने को कहा गया है। इसमें कहा गया है कि ईरान में विरोध प्रदर्शन बढ़ रहे हैं और हिंसक रूप ले सकते हैं, जिसकी वजह से गिरफ्तारियां हो सकती हैं और चोटें लग सकती हैं।*




Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors- 9289923122; Ambala City: Dhruv Hero- 9289922868; Assandh: Sandhu Hero- 9996571157; Bahadurgarh: Satvik Hero- 9289922550 Bhiwani: Jaya Hero- 9289922056; Ellenabad: Ajit Hero- 9289922505; Fatehabad: Shri Balaji Hero- 9289922057; Gharaunda: Laxmi Hero- 9289922433; Gohana: Krishna Hero- 9289923026; Hisar: Chaudhary Hero- 9289922049, Vikrant Hero- 9289923082; Jhajjar: Pushkar Hero- 9289923147; Jagadhari: Khanna Hero- 9289922050; Jind: National Hero - 9289922061; Kaithal: Chaudhary Hero- 9289922062; Karnal: Nirmal Hero- 9289922048; Kurukshetra: VPS Hero- 9289922988; Ladwa: Khanna Hero- 9289922063; MandiDabwali: Karan Hero- 9289922490; Nuh: Sunil Hero- 9289923087; Narnaul: Autodeals Hero- 9289922058; Narwana: Narwana Hero- 9289923101; Palwal: DevVaahan Hero- 9289922877; Panchkula: Regent Hero- 9289923161; Panipat: Kadian Hero- 9289923182, Sahib Hero- 9289922059; Pehowa: Saraswati Hero- 9289922393; Rewari: Virendra Hero- 9289922060; Rohtak: Shivam Hero- 9289922047; Sirsa: Khanna Hero- 9289923195; Sonipat: Madaan Hero - 9289922865; Yamuna Nagar: Rohit Hero- 9289922394; Hansi: Sunil Motors- 9821744694; Gurugram: Sec–18, Noble Enclave: Globe Agencies- 9289233915, Himgiri Hero- 9289923046, Basai Road Sector 11: Sharma Hero- 9289923221, Autoneeds Hero- 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495; Sohna: No. 160/2 Delhi Road: Auto Links Hero- 9289924089; Faridabad: Sehgal Hero- 9289922419, NIT: Sehgal Hero- 7217627327, VPS Jindal Motors, Neelambata Road, 9289235889.

RS/Hero/12/25